AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel**: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 22, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप


ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 100वें स्थान पर

नई दिल्ली। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के तहत 122 देशों का सर्वे किया गया, जिसमें भारत 100वें और पाकिस्तान 106वें स्थान पर रहा। यह इंडेक्स हर छह साल में एक बार जारी किया जाता है। इस इंडेक्स को जर्मन सहायता एजेंसी 'वेल्थहंगरहिल्फे' और आयरिश संगठन 'कंसर्न वर्ल्डवाइड' ने मिलकर जारी किया है। इसमें 'इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल लॉ ऑफ पीस एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट' और स्विस संगठन 'हेल्वेटास' जैसी सहयोगी संस्थाएं भी शामिल हैं। भारत 100वें स्थान पर है, जहाँ 9.8 प्रतिशत आबादी कुपोषित है।



26 और 27 अक्टूबर को ब्रिक्स संसदीय फोरम

नई दिल्ली। भारत की संसद 26 और 27 अक्टूबर 2026 को संसद भवन परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम का आयोजन करेगी। सम्मेलन का उद्घाटन 26 अक्टूबर को होगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि यह सम्मेलन भारत के संसदीय राजनय के इतिहास में नया अध्याय है जिसमें ब्रिक्स के सदस्य देशों और भागीदार देशों के पीठासीन अधिकारी तथा संसदीय नेता, केंद्रीय मंत्री, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, संसद सदस्य भाग लेंगे।



सऊदी अरब के एयरपोर्ट और तेल ठिकाने पर हूती विद्रोहियों का बड़ा हमला

1 भारतीय समेत 3 की मौत, 10 घायल, विदेश मंत्रालय बोला- हमें निशाना बनाना अस्वीकार्य

एजेंसी ⏭ रियाद

सऊदी अरब में बुधवार देर रात एक एयरपोर्ट और एक तेल ठिकाने पर हुए हमलों में एक भारतीय समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। इसमें 3 भारतीय भी हैं। दम्माम शहर के किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हमले में एक भारतीय की मौत हुई। वहीं दो भारतीयों समेत 8 लोग घायल हुए। वहीं, अरामको के शैबा तेल ठिकाने पर ड्रोन हमले में नेपाल और फिलीपींस के एक-एक नागरिक की जान गई। यहां एक भारतीय समेत 2 लोग घायल हुए।

सऊदी अरब के दमाम एयरपोर्ट पर हमले के बाद आसमान में धुएं का गुबार उठता नजर आया। सऊदी अरब के सिविल एविएशन अथॉरिटी ने गुरुवार को एयरपोर्ट पर हमले की जानकारी दी। इसमें एयरपोर्ट को भी नुकसान पहुंचा है। दम्माम, फारस की खाड़ी के तट पर स्थित है। यह बहरीन और कतर के करीब है। दुनियाभर की उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि हमले के बाद विमानों को दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा है। इसके अलावा सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने बताया कि उसने देश के पूर्वी इलाके में चार ड्रोन हमलों को नाकाम किया है। इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं।

> इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई है और 370 घायल हुए हैं

हमले के बाद विमानों को दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा

सऊदी अरब ने पूर्वी इलाके में 4 ड्रोन हमलों को रोका



सऊदी के दम्माम एयरपोर्ट पर हूती विद्रोहियों का हमला

प्रभावितों के प्रति जताई संवेदनाएं, मदद का भरोसा

विदेश मंत्रालय ने की कड़ी निंदा

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम 21 अक्तूबर को सऊदी अरब में नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए लगातार हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। इन हमलों में नागरिकों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। भारत ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने कहा कि रियाद स्थित भारतीय दूतावास सऊदी अधिकारियों के संपर्क में है और प्रभावित भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। मंत्रालय ने दोहराया कि नागरिकों और अहम बुनियादी ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं और इन्हें तुरंत बंद होना चाहिए। हम सऊदी अरब की संप्रभुता की रक्षा करने में वहां के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। हमें उम्मीद है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द

अमेरिका ने कर्मचारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया

अमेरिका ने सऊदी अरब में मौजूद अपने सरकारी कर्मचारियों (जो आपातकालीन सेवाओं से नहीं जुड़े हैं) और उनके परिवार के सदस्यों को वहां से वापस लौटने का आदेश दिया है। यह कदम नागरिक हवाई अड्डों और अन्य बुनियादी ढांचे पर हूती विद्रोहियों के बढ़ते हमलों को देखते हुए उठाया गया है। इसके साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि ये हमले और फैल सकते हैं। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने इस आदेश की पुष्टि की है।

◆शैबा ऑयलफील्ड पर हमले में एक भारतीय घायल

सऊदी अरब के शैबा ऑयलफील्ड पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया है। भारत के सऊदी अरब स्थित दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दूतावास को पता चला है कि आज शैबा ऑयलफील्ड पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक घायल हुआ है। हम सऊदी अधिकारियों के संपर्क में हैं और आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।

भारतीय दूतावास प्रभावित परिवारों के संपर्क में

रियाद में भारतीय दूतावास ने बताया कि सऊदी अधिकारियों ने उन्हें बुधवार रात हुए हमले में हताहत हुए लोगों के बारे में जानकारी दी है। दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कल रात दम्माम हवाई अड्डे पर हुए हमले में जान गंवाने वाले दो लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था, और दो अन्य भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। वे और अधिक जानकारी जुटा रहे हैं और प्रभावित परिवारों से संपर्क कर रहे हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ हैं, और हम घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

होर्मुज स्ट्रेट में टली बड़ी घटना

21 भारतीय नाविकों वाले तेल टैंकर पर हमला, सभी सुरक्षित



तेल टैंकर एम/टी अल दसमा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे एक तेल टैंकर पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ है। इस टैंकर पर 21 भारतीय नाविक सवार थे। हालांकि, राहत की बात है कि सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस बारे में जानकारी दी है। यह घटना स्थानीय समय के अनुसार बुधवार को हुई। कुवैत के झंडे वाला तेल टैंकर एम/टी अल दसमा जब होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि 21 अक्टूबर को कुवैत के झंडे वाले तेल टैंकर एम/टी अल दसमा पर, जिसमें 21 भारतीय नाविक थे, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। हमारे सभी 21 भारतीय चालक दल के सदस्य बाकी क्रू के साथ पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

हमले के बाद टैंकर में लगी आग

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी इस हमले को ट्रैक किया। उनके अनुसार हमला ओमान के बुखा से 11 नॉटिकल मील पश्चिम में हुआ। हमले के बाद जहाज पर आग लग गई थी, जिसे बाद में बुझा दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैंकर अभी भी वहीं रुका हुआ है और सभी चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। यह हमला खाड़ी क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों से जुड़ी घटनाओं की श्रृंखला के बीच हुआ है। इससे पहले 16 अक्टूबर को भी होर्मुज स्ट्रेट में ही कच्चे तेल के टैंकर एमटी एसटी 3 पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ था। उस टैंकर पर 15 भारतीय नाविक सवार थे। उस घटना में भी सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित थे और किसी के हताहत होने की खबर नहीं थी। भारत ने वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों की कई बार निंदा की है।

14 भारतीय को ले जा रहे जहाज पर हमला

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि सऊदी अरब ने 14 भारतीय नागरिकों को ले जा रहे एक जहाज पर हमला किया। यह अटैक लाल सागर में जुकर द्वीप के पास हुआ। हूतियों के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि यमन की सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया। हूती विद्रोहियों ने इस कार्रवाई को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इससे लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों की आवाजाही को खतरा हो सकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सऊदी अरब की ऐसी कार्रवाइयों को रोकने की अपील की। सऊदी अरब की ओर से इस आरोप पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, यमन के रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाकों में उनके समर्थन में आयोजित रैलियों को वैध सैन्य निशाना माना जा सकता है।

सेंट पीटर्सबर्ग में चली 3 घंटे तक बातचीत

यूएस और यूक्रेन के साथ त्रिपक्षीय शांति वार्ता को तैयार हुआ क्रेमलिन



स्टीव विटकॉफ और व्लादिमीर पुतिन

एजेंसी ⏭ मास्को

मास्को पहुंचे अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सेंट पीटर्सबर्ग में तीन घंटे लंबी बातचीत हुई। क्रेमलिन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि रूस ने त्रिपक्षीय शांति वार्ता के लिए सहमति जता दी है और इसका आयोजन नवंबर के शुरुआत में हो सकता है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बैठक लगभग तीन घंटे तक चली, जो काफी विस्तृत और स्पष्ट थी। पुतिन और विटकॉफ ने रूस, अमेरिका और यूक्रेन के बीच बातचीत फिर से शुरू करने के विकल्पों पर चर्चा की।

पुतिन और विटकॉफ के बीच यह नौवीं बैठक

उशाकोव ने आगे बताया कि रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिकी दूत को सूचित किया कि मास्को नवंबर की शुरुआत में त्रिपक्षीय बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन और विटकॉफ के बीच यह नौवीं बैठक थी, जो रूस और अमेरिका के राष्ट्रपतियों के बीच होने वाली नियमित फोन बातचीत के अलावा एक उपयोगी कदम है। यह एक पूर्व-नियोजित बैठक थी, जिस पर कई दिन पहले ही सहमति बन गई थी। अमेरिकी वार्ताकार जेरेड कुशनर बीमारी के कारण वीडियो लिंक के जरिए जुड़े। **जेलेंस्की को बंद कमरे में फटकार लगाई:** नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में मंगलवार को बंद कमरे में बैठक हुई थी। इस दौरान ट्रंप के प्रतिनिधियों स्टीव विटकॉफ (मिडिल ईस्ट में विशेष दूत) और जेरेड कुशनर (ट्रंप के दामाद) ने जेलेंस्की को फटकार लगाई। दोनों ने जब जेलेंस्की से कहा कि ट्रंप के खिलाफ उनके बयानों ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नाराज कर दिया है, तो वे सफाई देने लगे और कहा कि उन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं कहा। ट्रंप और जेलेंस्की के बीच इस महीने रूस से डीजल खरीदने के अमेरिकी फैसले, रूस पर कुछ प्रतिबंधों में ढील और यूक्रेन को अमेरिकी मदद सीमित करने जैसे मुद्दों पर कई बार बयानबाजी हुई है।

कई सॉफ्टवेयर में मिलीं गंभीर खामियां

24 घंटों में हुए बहुत से साइबर अटैक, दुनिया में मचा हड़कंप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंटरनेट की दुनिया में पिछले 24 घंटे काफी हलचल भरे रहे हैं। वेबसाइट चलाने वाले सॉफ्टवेयर से लेकर डिजिटल सर्टिफिकेट, एआई टूल और क्लाउड प्लेटफॉर्म तक, कई अलग-अलग जगहों पर सुरक्षा से जुड़ी गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। कहीं ऐसी खामियां मिलीं जिनसे हमलावर किसी सर्वर पर अपना कोड चला सकते थे, तो कहीं सॉफ्टवेयर के अपडेट में ही खतरनाक कोड डाल दिया गया। भारत की कंपनी ईमुधरा से जुड़े डिजिटल सर्टिफिकेट का मामला भी इसी दौरान ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी की बड़ी चर्चा बन गया। अच्छी बात ये है कि अब तक कोई बड़े नुकसान की खबर



नहीं है। हाल ही में एआई लीडर्स ने वॉर्न किया था कि एआई के पावरफुल मॉडल्स दुनिया भर के सॉफ्टवेयर्स में खामी इंसानों के मुकाबले काफी तेजी से ढूंढ सकते हैं। लोगों को डर है कि अगर एआई ने तेजी से खामियां ढूंढना शुरू कर दिया तो इन्हें फिर पैच कौन करेगा? यानी जिस तेजी से खामी ढूंढी जाएगी क्या उसी तेजी से इसे ठीक किया जा सकेगा? अगर ऐसा नहीं हुआ तो दुनिया भर के यूजर्स की सिक्योरिटी और प्राइवेसी तुरंत खतरे में आ जाएगी।

ब्रह्मोस से बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

2028 तक आएगी नई पीढ़ी की मिसाइल, कई देश खरीदना चाह रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर नए भारत की ताकत, सटीक निशाना लगाने की क्षमता और गर्व का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहली बार असली जंग में इस हथियार प्रणाली का इस्तेमाल किया। इसके जरिये भारतीय सशस्त्र बलों ने इस हथियार प्रणाली की ताकत दिखाई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. जयतीर्थ जोशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस के विकास और परीक्षण के लिए जरूरी विशेष तकनीकों पर काम करने के वास्ते 'टेक-ब्रिक्स' स्थापित करके अपने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कार्य में भी तेजी लाना चाहते हैं।



डॉ. जयतीर्थ जोशी

ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे

डॉ. जोशी ने बताया कि आज ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे है। यह एक प्रमुख उत्पाद है। सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने धीरे-धीरे अपने निर्यात का दायरा बढ़ाया है। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बेहतरीन क्षमताएं साबित करने और युद्ध में परखी हुई प्रणाली बनने के बाद इसका निर्यात दायरा खास तौर पर बढ़ा है। फिलीपींस के साथ पहले निर्यात सौदे के बाद इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के दो और देशों के साथ समझौते किए गए हैं। आज ब्रह्मोस अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत स्थिति में है। कंपनी भविष्य में अपने निर्यात की पहुंच को और बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। डॉ. जोशी ने बताया कि भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 38,400 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें सालाना 62.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

ब्रह्मोस भारत के रक्षा निर्यात अभियान का एक प्रमुख उत्पाद है। फिलीपींस, इंडोनेशिया और वियतनाम को ऑर्डर और आपूर्ति के साथ इसका निर्यात 600 मिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है।

जबलपुर
शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 21, अंक : 170
पृष्ठ : 4+8+4=16 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 17

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

एक्टर के बांद्रा स्थित घर की हुई थी रेकी

टाइगर श्रॉफ के शूटर्स के निशाने पर थे रणबीर कपूर!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर बीते रविवार को हुई फायरिंग मामले में नई जानकारी सामने आई है। टाइगर पर हमले के आरोपी शूटरों ने रणबीर कपूर के बांद्रा स्थित घर की भी रेकी की थी। पुलिस अपनी जांच में ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह सर्विलांस किसी कथित साजिश से जुड़ा हुआ था या फिर अन्य बॉलीवुड सितारों की तरह उनका नाम भी इसमें शामिल किया गया था। इस खबर ने 'रामायण' फिल्म के स्टार रणबीर कपूर के फैंस को परेशान कर दिया है। 18 अक्टूबर को टाइगर श्रॉफ के साथ हुए हादसे ने बॉलीवुड सितारों को अंदर से झकझोर दिया है। टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले के मामले में अभी तक पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कोटा से 3 शूटर्स को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी फिलहाल मुंबई पुलिस की एंटी एक्सटॉर्शन सेल की हिरासत में हैं।



टाइगर के जख्मी हाथ : डॉक्टरों ने निकाले छर्रे और बारूद

अब तक 10 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी

आमिर-अमिताभ के घर पर भी आरोपियों ने रखी थी निगरानी

सलमान खान के अलावा आरोपियों ने बॉलीवुड के कई ए लिस्टर्स सितारों के घर पर भी निगरानी रखी हुई थी। कथित तौर पर रणबीर कपूर के घर के अलावा उन्होंने अमिताभ बच्चन, आमिर खान, अक्षय कुमार सहित कई सितारों के घर की भी निगरानी की थी।

फायरिंग से बॉलीवुड में डर का माहौल मनोज बाजपेयी बोले- ये डरावना है

इस पूरे घटनाक्रम से बॉलीवुड में भी डर का माहौल है। बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी और दिव्या दत्ता ने भी इस पूरी वारदात पर प्रतिक्रिया दी है और चिंता जाहिर की है। मनोज बाजपेयी ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह कोई गैंग वॉर है, लेकिन पता नहीं कहां से गोलियां चल रही हैं। ये सच में बहुत ही डरावना है। दिव्या दत्ता ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षित महसूस करना हर किसी की बुनियादी जरूरत है। हम सभी बस एक सामान्य सुरक्षा चाहते हैं। जिंदा रहने के लिए हर किसी को यह बुनियादी सुरक्षा चाहिए, और यह बहुत जरूरी है।

नगरीय निकायों की खरीदी में गड़बड़ी

पोर्टल से करीब 1,134 करोड़ का सामान खरीदा, सरकार कराएगी उच्चस्तरीय जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में सरकारी सामान की खरीदी में कीमतों का बड़ा अंतर सामने आने के बाद सरकार ने उच्चस्तरीय जांच कराने का ऐलान किया है। नगरीय प्रशासन विभाग के एसीएस संजय दुबे का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे खरीद की कीमतों में अंतर पर सवाल उठा रहे थे। विभागीय प्रस्तुति के अनुसार, बीते तीन साल में प्रदेश के 374 नगरीय निकायों ने जेम पोर्टल से करीब 1,134 करोड़ का सामान खरीदा। दावा किया गया कि यदि यह खरीदी औसत दरों पर होती, तो लगभग 250 करोड़ की बचत हो सकती थी। मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि जांच में यह भी देखा जाएगा कि अलग-अलग निकायों में एक ही उत्पाद की कीमतों में इतना अंतर क्यों रहा और जेम पोर्टल की प्रक्रिया की कमियों का किसी ने फायदा तो नहीं उठाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनियमितता मिलने पर सभी जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। साथ ही कहा कि विभाग में पहले भी गड़बड़ियों पर कार्रवाई की गई है और जरूरत पड़ने पर जानकारी दी जाएगी।



■ अनियमितता मिलने पर सभी जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी

Dinh
खरीफसगढ़ एवं गारपाटेरा का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकल टेसी
TATA PLAY पैकल न. 1155 | airtel पैकल न. 366

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
साप्ताहिक कूपन
23 अक्टूबर 2026
कूपन नं. 21

खबर संक्षेप

मप्र की एक राज्यसभा सीट पर 12 नवंबर को मतदान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुरुवार को मप्र की राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा की। यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफा देने से खाली हुई थी। यह उपचुनाव 12 नवंबर को होगा। मुरुगन ने 14 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2030 को समाप्त होने वाला था। चुनाव आयोग के मुताबिक इस सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी।



24 से 26 अक्टूबर तक जबलपुर प्रवास पर रहेंगे मोहन भागवत

जबलपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक तीन दिवसीय जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर स्वयंसेवकों और दायित्ववान कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।प्रवास के पहले दिन 24 अक्टूबर को डॉ. भागवत जबलपुर महानगर के मुख्य शिक्षक एवं उनसे ऊपर के दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। 25 अक्टूबर को वे महाकौशल प्रांत के महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों के शिविर में शामिल होकर युवा स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे।



सीएम ने इंडिया केम-2026 मुंबई में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2027 के लिए दिया आमंत्रण

डॉ. यादव ने गुरुवार को मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में हो रहे तीन दिवसीय 'इंडिया केम 2026' के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया

बीना में पेट्रोकेमिकल यूनिट से तैयार होंगे 22 लाख टन उत्पाद



प्रदर्शनी का शुभारंभ करते नड्डा, फडणवीस और डॉ.यादव

मुख्यमंत्री ने यूपीएल, पीआई इंडस्ट्रीज, धनुका और सिंजेंटा जैसी कंपनियों से मध्यप्रदेश को केवल बाजार नहीं, विनिर्माण के लिए भी चुनने का आग्रह किया

50 हजार करोड़ की लागत वाली यूनिट का प्रधानमंत्री कर चुके भूमि-पूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र का बीना पेट्रोकेमिकल उद्योग का नया गढ़ बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यहां लगभग 50 हजार करोड़ रुपए की लागत से डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल यूनिट का भूमि-पूजन किया जा चुका है। यहां हर साल 22 लाख टन से अधिक पेट्रोकेमिकल उत्पाद तैयार होंगे। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की लगभग 49 हजार करोड़ रुपए की एथिलीन क्रैकर एवं रिफाइनरी विस्तार परियोजना भी मध्य भारत में पेट्रोकेमिकल आधारित उद्योगों के लिए अवसर उपलब्ध कराएगी।

मप्र में धरातल पर उतर चुके 12 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव



निवेशकों से वन टू वन चर्चा करते सीएम

मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल इस बार स्टेट पार्टनर्स के रूप में इंडिया केम से जुड़े

प्लास्टिक पार्क, पीएम मित्र पार्क, गैस आधारित उद्योग

सीएम ने कहा कि केवल बड़ी परियोजनाओं तक सीमित न रहकर पॉलिमर प्रोसेसिंग का सुदृढ़ क्लस्टर विकसित किया जाएगा ताकि एमएसएमई भी साथ-साथ सशक्त हों। रायसेन के तामोट में 121 एकड़ और ग्वालियर के बिलौआ में 93 एकड़ में अत्याधुनिक प्लास्टिक पार्क तैयार किए गए हैं। तामोट में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) का उन्नत प्लास्टिक उत्पाद अनुकरण एवं मूल्यांकन केंद्र भी स्थापित है। धार में पीएम मित्र टैक्सटाइल पार्क से टैक्सटाइल के साथ पॉलिमर, केमिकल और सहायक उद्योगों के लिए भी अवसर बनेंगे।

पीने तीन वर्ष में 34 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी भौगोलिक और रणनीतिक ताकत 'देश का दिल' होना है। उनके अनुसार पिछले पौने तीन वर्षों में प्रदेश को 34 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें करीब 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यूपीएल, पीआई इंडस्ट्रीज, धनुका और सिंजेंटा जैसी कंपनियों से मध्यप्रदेश को केवल बाजार नहीं, विनिर्माण के लिए भी चुनने का आग्रह किया।

मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल केमिकल हब बन रहा भारत

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ग्लोबल केमिकल हब बन रहा है। भारत की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि देश आज 170 से अधिक देशों को पेट्रोकेमिकल और ऑर्गेनिक उत्पाद निर्यात कर रहा है ।

झाबुआ: कुए में मिले तीन बच्चों के शव

परिजन बोले: नरबलि की आशंका बच्चों के नाक-कान और जीभ कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ



सीबीआई से जांच कराने की उठी मांग

जिले के चुई गांव में कुए से तीन बच्चों के शव मिलने के बाद इलाके में मातम पसरा है। परिजनों का दावा है कि बच्चों के नाक-कान और जीभ कटे हुए थे, जबकि होंठों पर भी कटने के निशान थे। इन दावों की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। परिजन संतोष के मुताबिक तीनों बच्चे दशहरे की दोपहर करीब 3 बजे घर से निकले थे। शाम 4 बजे लापता होने की जानकारी मिलने पर परिवार और ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। पास के खेतों में बच्चों की साइकिल मिली, जिसके नजदीक तीन कुए थे। एक गहरे कुए में पहले एक बच्चे का शव मिला, फिर बाकी दोनों के शव भी उसी में मिले। ग्रामीणों ने तीनों शव बाहर निकाले। मृतकों में विजय और मयंक अपने माता-पिता इकलौते बेटे थे।

चक्काजाम से नहीं आई थी बस

ट्रॉले ने बाइक सवार तीन स्कूली बच्चों को कुचला, तीनों की मौत



स्कूल बैग किताबें व जूते सड़क पर बिखर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पीथमपुर

धार जिले के पीथमपुर में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार ट्रॉले ने बाइक सवार तीन बच्चों को कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई और उनकी मौसेरी बहन शामिल हैं। उत्कर्ष आंगन कॉलोनी निवासी प्रियांश 9वीं कक्षा में पढ़ता था। वह गुरुवार को स्कूल नहीं गया था, लेकिन दोपहर में अपने छोटे भाई मोक्ष और मौसेरी बहन आरुषि को लेने गया था। मोक्ष 5वीं और आरुषि 7वीं में पढ़ती थी। तीनों सेंट फ्रांसिस स्कूल से बाइक पर घर लौट रहे थे।

गुना विधायक का दिग्विजय सिंह पर तंज

कहा- धृतराष्ट्र-दुर्योधन को सिंहासन पर पहुंचाने निकले



अपने अनुचर को सीएम बनाना है इसका मकसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से शुरू हुई सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि धृतराष्ट्र अपने बेटे दुर्योधन को राज सिंहासन पर बिठाना चाहता है। दिग्विजय सिंह की ओर से स्वयं को हिंदू पद की उपाधि वाला बताए जाने और किले में पांच मंदिर होने के तर्क पर विधायक ने मिर्जा राजा जयसिंह का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जयसिंह खड़े होकर शिवजी की पार्थिव पूजा करते थे, लेकिन औरंगजेब की गुलामी भी करते थे।

हाईवे पर चेकिंग के दौरान हुआ हादसा

बाइक की जांच कर रहे थे आरक्षक को ट्रक ने रौंद दिया



मुरैना पुलिस ने 12 किमी पीछा कर वाहन को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

नेशनल हाईवे-44 पर बुधवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार लोडिंग गाड़ी ने सिविल लाइन थाने के कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश तिवारी को कुचल दिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से ग्वालियर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। पुलिस ने करीब 12 किलोमीटर पीछा कर नूराबाद के पास उसे पकड़ लिया। सिविल लाइन थाना प्रभारी उदयभान यादव के मुताबिक, बुधवार को वे 8 पुलिसकर्मियों के साथ जनकपुर गांव में झगड़े के एक मामले में दबिश देने गए थे।



दुर्गा विसर्जन के दौरान करंट से 3 युवकों की मौत

जबलपुर। मझौली में देर रात करीब एक बजे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक लोग झुलस गए। सिविल लाइन पाठ की प्रतिमा ट्रैक्टर-ट्रॉली से नरीली तालाब ले जाई जा रही थी। रास्ते में झूलते तार को उठाने के प्रयास के दौरान करंट फैल गया। मृतकों में विकास राजपूत (22) और प्रिंस चौहान (23) शामिल हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। स्थानीय लोगों ने पहले चेतावनी देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने और स्वास्थ्य केंद्र में देरी से उपचार मिलने के आरोप लगाए। घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारी तय करना जरूरी है।

बाइक को मारी टक्कर, 3 मृत

कटनी। अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई। बाइक सवार तीनों युवक दशहरे का मेला देखने के लिए जा रहे थे। एक्सीडेंट बहरी थाना इलाके में बुधवार देर रात हुआ। बाइक को टक्कर मारने वाला ड्राइवर गाड़ी भगा ले गया। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। अज्ञात वाहन की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सिजेहरा गांव के छोटेलाल कोल (18), अमित लाल कोल (19) और सुमित कोल (20) के रूप में हुई है। तीनों बुधवार शाम करीब 6 बजे घर से दशहरा मेला देखने जाने की बात कहकर निकले थे। वे एक ही बाइक से सिंगरौड़ी जा रहे थे।

शिकायतकर्ता को लंबे समय से लगवा रहे थे चक्कर

लोकायुक्त पुलिस ने 10 हजार की घूस लेते बीईओ और चपरासी को रंगे हाथों दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ




निलंबन अवधि का वेतन 2 लाख 30 हजार निकालने के बदले मांगे थे पैसे

लोकायुक्त इंदौर की टीम ने झाबुआ में गुरुवार को विकास खंड शिक्षा अधिकारी और सहायक ग्रेड-3 को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। शिकायतकर्ता धूम सिंह ने लोकायुक्त इंदौर में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि उनकी निलंबन अवधि के 8 माह के करीब 2,30,000 रुपए के बकाया वेतन के बिल पास करने के लिए 10,000 रुपए की घूस मांगी जा रही थी। लोकायुक्त इंदौर के पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय ने शिकायत की जांच कराई, जो सही पाई गई। इसके बाद गुरुवार को ट्रैप लगाया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी जय नारायण बैरागी ने सहायक ग्रेड-3 पवन सिंह बिलवाल के जरिए रिश्वत दिलवाई, जिसे लोकायुक्त टीम ने मौके पर ही पकड़ लिया।

सोशल मीडिया पर आईं सोनिया गांधी, इंस्टा की पहली पोस्ट

आत्मकथा 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' की दिखाई झलक, किताब 10 नवंबर को आएगी



4 घंटे में 80 हजार लाइक, 22 हजार फॉलोअर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपना पेज शुरू किया। उन्होंने अपनी पहली पोस्ट में आने वाली किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' की पहली झलक शेयर की। यह किताब 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। सोनिया गांधी ने पहली पोस्ट गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की थी। दोपहर 1 बजे तक 80 हजार 900 लोगों ने इसे लाइक किया, 22 हजार 600 फॉलोअर्स हैं। उन्होंने अपने पहले इंस्टाग्राम पोस्ट में किताब की पहली झलक शेयर करते हुए कहा कि वह इस खास पल को सभी के साथ साझा करके बेहद आभारी हैं।

किताब में कैंब्रिज में राजीव गांधी से मुलाकात का जिक्र

इस किताब में सोनिया गांधी ने इटली में बिताए बचपन से लेकर कैंब्रिज में राजीव गांधी से मुलाकात तक का जिक्र किया है। इसमें नेहरू-गांधी परिवार में शादी और परिवार में हुई हत्याओं के बाद बदली जिंदगी के बारे में लिखा है।

पैरा एशियन गेम्स में भारत ने चौथे दिन 26 मेडल जीते

बिना बाजुओं के तीरंदाजी...शीतल ने दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए



पदकों की संख्या 88 पहुंची इसमें 21 गोल्ड 26 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज मेडल

एजेंसी ▶▶ नागोया (जापान)

पैरा एशियन गेम्स में गुरुवार को भी भारतीय एथलीटों ने दमदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। भारत की स्टार तीरंदाज शीतल देवी ने एशियन पैरा गेम्स में एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित की।

अब तक भारत के खाते में 21 गोल्ड समेत 88 मेडल

भारत ने गुरुवार को अपने पदकों की संख्या 88 तक पहुंचा दी। इसमें 21 गोल्ड, 26 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। दिन की शुरुआत सुवर्णा राज के गोल्ड से हुई। व्हीलचेयर एथलीट ने महिला एफ 54 डिस्कस थ्रो में 15.66 मी का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

रेहान की प्रदर्शनी से 70 फोटो हटाने से मामला गरमाया भड़की कांग्रेस

हम कोई दूसरी जगह तलाश लेंगे और प्रदर्शनी लगाएंगे, पिता रॉबर्ट ने बेटे पर गर्व जताया, लगाई गई ये कोई भी तस्वीरें विवादित नहीं

हमें नहीं पता यह फैसला राजस्थान सरकार से जुड़ा है या किसी और दबाव के कारण लिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और रेहान वाड्रा के पिता, रॉबर्ट वाड्रा ने गुरुवार को अपने बेटे पर गर्व जताया। बीकानेर हाउस में बेटे की फोटोग्राफी प्रदर्शनी पर आपत्तियां जताई गई थीं, जिस पर वाड्रा ने कहा कि परिवार उनके काम को प्रदर्शित करने के लिए कोई दूसरी जगह ढूंढ लेगा। उन्हें नहीं पता कि बीकानेर हाउस का यह फैसला राजस्थान सरकार से जुड़ा है या दबाव में लिया गया है। वाड्रा ने कहा कि उसने देखा है कि पूरा परिवार किन हालात से गुजरा है? वह एक बहुत मजबूत इंसान है, बहुत मजबूत इरादों वाला व्यक्ति है। वह कोई दूसरी जगह ढूंढ लेगा, और हम किसी दूसरी जगह पर ही यह प्रदर्शनी करेंगे।

तस्वीरें से झलकती है रचनात्मकता

वाड्रा ने यह भी कहा कि ये तस्वीरें विवादित नहीं हैं, बल्कि इनमें रेहान का नजरिया और उसकी रचनात्मकता झलकती है। जब वह खुद विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर मौजूद था, तब उसने ये तस्वीरें ली थीं। उन्हें इस बारे में पहले ही बता दिया गया था। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रोटोकॉल के अनुसार पीडीएफ फाइल जमा करने के बाद भी ऐसा हुआ। वे पिछले 6-7 वर्षों से प्रदर्शनियां कर रहे हैं। वे यहां की संवेदनशीलता और प्रोटोकॉल को समझते हैं और हमेशा एक ऐसी पीडीएफ फाइल देते हैं।

रेहान ने कहा था- पहले ही साझा की थी तस्वीरें


रॉबर्ट वाड्रा

रेहान वाड्रा कलाकार और फोटोग्राफर हैं। उन्होंने बुधवार को कहा था कि बीकानेर हाउस प्रशासन ने उनकी एकल प्रदर्शनी से दिल्ली में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों को दिखाने वाली कई तस्वीरें हटा दी थीं। यह कार्रवाई प्रदर्शनी शुरू होने से पहले की गई थी। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। 'नो आइडिया इज फाइनल' नाम की इस प्रदर्शनी की झलक बुधवार को दिखाई गई थी। यह प्रदर्शनी गुरुवार को शुरू हो रही है। उन्हें दोपहर साढ़े तीन बजे बताया गया था कि अगर शाम पांच बजे तक तस्वीरें नहीं हटाई गईं, तो प्रदर्शनी रद्द कर दी जाएगी। उन्होंने प्रदर्शनी का पूरा प्रस्ताव और उसकी रूपरेखा काफी पहले ही बीकानेर हाउस प्रबंधन के साथ साझा कर दी थी।

प्रियंका गांधी ने कहा

कल कोई दूसरा कलाकार होगा, सच के साथ खड़े रहो



प्रियंका गांधी ने इसे 'हास्यास्पद' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी युवाओं की आवाज दबा रहे हैं। उन्होंने कहा आज वह है, कल कोई दूसरा कलाकार होगा। जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है तो उसे शायद इस बात का अहसास नहीं होता, लेकिन वह असल में उसी सत्ता को खो देता है जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा, तुम सच के साथ खड़े रहो और हर खूबसूरत चीज खुद-ब-खुद तुम्हारे पास आ जाएगी। मुझे तुम पर गर्व है।

बीकानेर हाउस सोसायटी ने कहा

ये तस्वीरें उसकी नीति के अनुरूप नहीं थीं

बीकानेर हाउस सोसाइटी ने कहा कि उसने प्रदर्शनी से रेहान की कुछ तस्वीरें हटाने के लिए कहा था। सोसाइटी ने कहा कि यह एक सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान है। इसका मकसद कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां होने वाली प्रदर्शनियों और उनसे जुड़ी गतिविधियों को बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति का पालन करना होता है। बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी 'नो आइडिया इज फाइनल' के तहत लगाई गई कुछ तस्वीरें बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति के अनुरूप नहीं पाई गईं। इसलिए उन्हें हटाने के लिए कहा गया।



खबर संक्षेप

मनेंद्रगढ़ में पेड़ से टकराई बस, 6 की मौत

मनेंद्रगढ़। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-केल्हारी मार्ग पर पहाड़हंसवाही के पास भीषण दुर्घटना में 6 यात्रियों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। मनेंद्रगढ़ से केल्हारी की ओर जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। लोगों की चीख-पुकार मच गई। स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य आरंभ कर दिया।



7 रु. के टिकट में खुली 1 करोड़ की लॉटरी

चंडीगढ़। महंगाई और आर्थिक परेशानियों के बीच मजदूरी कर परिवार का गुजारा करने वाले कोटकपूरा के एक परिवार के लिए महज 7 रुपए की लॉटरी टिकट खुशियों की सौगात लेकर आई। सिक्किम सरकार की लॉटरी में परिवार की बिमला देवी के नाम से खरीदी गई टिकट पर एक करोड़ रुपए का इनाम निकला है। बिमला देवी रेलवे रोड टिकट खरीदी थी।



चिन्मय अमृत महोत्सव का उद्घाटन आज

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नई दिल्ली में चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सभा को संबोधित भी करेंगे। 3 दिनी आयोजन चिन्मय मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे वार्षिक समारोहों का समापन है। पीएमओ ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत और विदेश से 9000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।



काकीनाडा में टक्कर में 4 श्रद्धालुओं की मौत

काकीनाडा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सड़क किनारे चाय पी रहे श्रद्धालुओं को एक एसयूवी ने टक्कर मार दी, जिससे 4 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। विजयनगरम के डेंकाडा गांव के श्रद्धालु कनक दुर्गा मंदिर के दर्शन के लिए विजयवाड़ा जा रहे थे। चालक ने सुबह करीब 5:40 बजे बस रोकी थी।



मीका और दलेर से खुद बात करेंगे सीएम धामी

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वह गायक दलेर मेहंदी और मीका सिंह से बात करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान धामी ने दलेर मेहंदी प्रकरण पर यह बात कही। कुंजापुरी मेले में गायक दलेर को मंच पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने फटकार लगाई थी। इसके बाद इस मामले को लेकर विरोध शुरू हो गया। सार्वजनिक रूप से आरोप लगाना ठीक नहीं है।



फॉक्स न्यूज की जांच : 9 देशों में चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश

भाजपा ने पूछा-इस गद्दार का सरदार कौन? राहुल गैर-जिम्मेदार, मीर जाफर के समान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने साधा निशाना और इसे देश का दुर्भाग्य भी बताया

भाजपा ने एक बार फिर से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। भाजपा ने राहुल की मीर जाफर से तुलना की है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल देश के सामने विश्वासघात का एक मॉडल पेश कर रहे हैं। एक विदेशी अखबार का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित अखबार में एक रिपोर्ट छपी है, जिसमें बताया गया है कि किस तरह विश्वासघात के ये तार विदेशी एजेंसियों से जुड़े हुए हैं। इसलिए, यह पूछना गलत नहीं होगा कि 'इस गद्दार का सरदार कौन?' मैं यह बात बहुत गहरे दुख और पीड़ा के साथ कह रहा हूं। यह भारत का दुर्भाग्य है कि देश के विपक्ष के नेता गैर-जिम्मेदार और अपरिपक्व हैं और अगर मैं सबूत पेश करूं तो उन्हें देशद्रोही या मीर जाफर कहना गलत नहीं होगा। फॉक्स न्यूज डिजिटल की एक जांच से पता चलता है कि कैसे फ्रांस और कई अन्य देशों में, कुछ संगठनों ने 9 देशों में एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार किया है, जो चुनी हुई सरकारों को गिराने की कोशिश कर रहा है। यह 'विरोध का एक रेड-ग्रीन इकोसिस्टम' है।

'विरोध का एक रेड-ग्रीन इकोसिस्टम'

देश के सामने विश्वासघात का एक मॉडल पेश कर रहे


गौरव भाटिया

फ्रांस के दंगों से प्रदर्शनों के तार जुड़े

भाटिया ने राहुल के विदेशी संगठनों के साथ कथित संबंधों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ये संगठन भारत में विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा दे रहे हैं और देश में अराजकताकी एक बड़ी साजिश रच रहे हैं। इनमें प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल और इंडियन अलायंस पेरिस शामिल हैं। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व का अंतरराष्ट्रीय समूहों के साथ जुड़ाव, इन समूहों की गतिविधियों, फंडिंग और भारत में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के साथ उनके संभावित तालमेल पर सवाल खड़े करता है।

वे गद्दारी और अराजकता का मॉडल बना रहे

उनके ये बयान फॉक्स न्यूज डिजिटल की एक जांच के बाद आए हैं, जिसमें दावा किया गया है कि नौ देशों में 101 ऐसे संगठन हैं जो प्रदर्शनों को आयोजित करने, उनमें तालमेल बिठाने या उन्हें बढ़ावा देने में शामिल हैं।यह उस अराजकता, अव्यवस्था और गद्दारी का मॉडल है, जिसे राहुल देश के सामने पेश कर रहे हैं। प्रतिष्ठित अखबार में बताया गया है कि किस तरह गद्दारी के ये तार विदेशी एजेंसियों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह पूछा जाए कि इस गद्दार का कमांडर-इन-चीफ कौन है? इस गद्दार का नेता कौन है? तो यह गलत नहीं होगा।

फ्रांस का एक संगठन नैरेटिव गढ़ रहा

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस संगठन की गतिविधियां विदेशी समूहों द्वारा भारत के आंतरिक राजनीतिक मामलों से जुड़े नैरेटिव को प्रभावित करने की कोशिश की ओर इशारा करती हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि ये घटनाएं चुनी हुई सरकारों और संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती देने की एक सुनियोजित कोशिश का हिस्सा हैं। यह प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल संगठन खुद को एक अंतरराष्ट्रीय पूंजीवाद-विरोधी संगठन बताता है। ये सभी प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल से जुड़ी हुई हैं।

कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट भी दिया हवाला

उन्होंने कांग्रेस के एक सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला देते हुए यह दावा किया, जहां भी कोई चुनी हुई सरकार होती है, ये उसे गिराना चाहते हैं। ये सुप्रीम कोर्ट और संसद जैसी संवैधानिक संस्थाओं के साथ-साथ ऐतिहासिक इमारतों को भी नष्ट करना चाहते हैं। फ्रांस, अल्बानिया, स्पेन और दिल्ली के विरोध-प्रदर्शन ये सब आपस में जुड़े हुए हैं।

कांग्रेस बताए- प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के साथ हुई बैठक में क्या चर्चा हुई

उन्होंने मांग की कि राहुल और कांग्रेस यह बताएं कि प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के साथ हुई बैठक में क्या चर्चा हुई, क्या कोई समझौता हुआ है और इन संगठनों को मिलने वाली फंडिंग के स्रोतों के बारे में बताएं। भाटिया ने ब्रिटिश सांसद जेरेमी कॉर्बिन और अमेरिकी कांग्रेसवुमन इल्हान उमर के साथ राहुल की मुलाकातों की भी आलोचना की।

रिजीम चेंज एजेंडा में काम कर रहे राहुल

दुमका। भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने दुमका में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। दुबे ने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जो एआई, क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन और से जुड़े हैं, वे कई देशों में चुनी हुई सरकारों को प्रभावित करने और राजनीतिक एजेंडा चलाने की कोशिश कर रहे।



हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला आज

तिरंगा लहराने में अनुमति की जरूरत नहीं, हमने कुछ गलत नहीं किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर शुक्रवार 23 अक्टूबर को अपना फैसला सुनाएगा। नेहा ने स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) द्वारा जारी किए गए पुलिस नोटिस को चुनौती दी है, जिसमें उनसे 'शांति बनाए रखने' के लिए बॉन्ड भरने को कहा गया था। हालांकि, नेहा का कहना है कि तिरंगा फहराने के लिए किसी की मंजूरी की क्या जरूरत है? जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने करीब 3 घंटे तक नेहा बोरा और दिल्ली पुलिस के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने कहा शुक्रवार को आदेश करूंगा।

नेहा ने खुद को सीजेपी प्रोटेस्ट से किया अलग

नेहा ने कनॉट प्लेस में सीजेपी के बुलाए गए प्रोटेस्ट से खुद को अलग कर लिया। बोरा के वकील ने कहा कि वह सेंट्रल पार्ट में अलग से बुलाए गए आह्वान में शामिल नहीं थी। वह दूसरे संगठन ने बुलाया था। मैं मंडी हाउस में अपने आह्वान से निपट रही थी। सीनियर एडवोकेट शंकरनारायणन ने कहा कि मैं एक बात साफ करना चाहता हूं कि वह एक अलग कॉल (सीपी सेंट्रल पार्क में) में शामिल नहीं हैं।

सीजेपी ने अपराध शाखा की जांच में शामिल होने के लिए और समय मांगा

सीजेपी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने पेश होने के लिए और समय मांगा है।

सरकार की ओर से एएसजी ने रखा पक्ष

ऐसे रिजीम नहीं बदलेगा,12 बार नियम तोड़ा

सरकार की ओर से एएसजी चेतन शर्मा ने दलील दी कि याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्रवाई से जुड़े मामलों में 12 बार नियमों का उल्लंघन हुआ है। नेहा ने सीजेपी के नेताओं और प्रशांत भूषण के साथ एक संयुक्त बैठक में हिस्सा लिया था, जहां कथित तौर पर कहा गया कि यह रिजीम चेंज की लड़ाई है और हम रिजीम चेंज करवाकर रहेंगे। एएसजी ने दलील दी कि बोरा इसी सभा का हिस्सा थीं और उनके खिलाफ कार्रवाई बिना किसी आधार के शुरू नहीं की गई थी।



एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में चौहान

देश का किसान अब 'अन्नदाता और ऊर्जादाता भी' बनने जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश का किसान अब केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा को अपनाकर वास्तविक अर्थों में 'अन्नदाता भी और ऊर्जादाता भी' बनने जा रहा है। भारत मंडपम में 3दिवसीय '7वें एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस' के उद्घाटन सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि खेती और सौर ऊर्जा का संगम विश्व कल्याण और किसानों की आर्थिक समृद्धि का नया मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि एग्रीवोल्टाइक नीति ऐसी बननी चाहिए जो देश के 85 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसानों के खेतों पर व्यावहारिक रूप से खरी उतरे। एग्रीवोल्टाइक तकनीक से एक ही जमीन पर ऊपर सौर पैनल से बिजली पैदा होगी और नीचे फसल लहलहाएगी।



काशी तमिल संगमम का पोर्टल लॉन्च

28 नवंबर से 12 दिसंबर तक 1,000 संस्थानों में होंगे कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काशी और तमिलनाडु के सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए काशी तमिल संगमम का पांचवां संस्करण आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इसके लिए पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम देश के 1,000 उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेंगे। इसका आयोजन 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक चलेगा। इसके तहत भाषाई विविधता और ज्ञान परंपराओं को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। इस बार आयोजन की मुख्य विषयवस्तु 'तिरुक्कुरल पढ़ें और समझें' रखी गई है। इसका उद्देश्य तमिल भाषा के प्राचीन ग्रंथ 'तिरुक्कुरल' में समाहित नैतिक और जीवन मूल्यों को देश के युवाओं और विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। इसके लिए शैक्षणिक गतिविधियों, विभिन्न भाषाओं में अध्ययन सामग्री और जनभागीदारी का सहारा लिया जाएगा।





रायपुर के लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य लोग

राष्ट्रपति ने जारी किया 200 रु. का स्मारक सिक्का

माता हासी का नाम है अंकित

एजेंसी ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। शदाणी दरबार रायपुर की पांचवीं पीठाधीश माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की ओर से 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया गया है। सिंधी विभूति के सम्मान में स्मारक सिक्का जारी होना समाज के लिए ऐतिहासिक मौका है। राष्ट्रपति2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आयेंगी। वे 23 अक्टूबर को जगदलपुर के सिरहासार भवन में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार को संबोधित करेंगी। बस्तरिया आदिवासियों से उनकी फरियाद सुनेंगी।

गृहमंत्री शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल पर किया हमला

भाजपा लगातार चुनाव जीत रही तो कांग्रेस ने 'वोट चोरी' का बहाना लिया

दिल्ली में अपने जन्मदिन के मौके पर विपक्ष को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि कांग्रेस अपनी चुनावी हार को छिपाने के लिए इन मुद्दों का इस्तेमाल कर रही है। दिल्ली में अपने जन्मदिन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने पंजाब में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप के कामकाज पर भी सवाल उठाए। शाह ने कहा, भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है और विपक्ष इससे परेशान है। इसीलिए वे 'वोट चोरी' का बहाना बना रहे हैं। राहुल जी, आप 'वोट चोरी' की बात इसलिए करते हैं क्योंकि आप घुसपैठियों के वोटों को बचाना चाहते हैं। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भी भाजपा कई राज्यों में चुनाव जीत रही थी।



मुझे हर 6 महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती

शाह ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि भाजपा 30 साल तक सत्ता में रहेगी, तो वे हम पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हैं। वे पूछते हैं कि अमित शाह को चुनाव के नतीजे पहले से कैसे पता होते हैं? शाह यहीं पैदा हुए हैं, यहीं रहते हैं और यहीं मरेंगे। मुझे हर 6 महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती। मैं इस देश के लोगों के बीच रहता हूं।

राहुल जी दोहरा मापदंड नहीं चलेगा

शाह ने कहा कि जब अदालती फैसले आपके पक्ष में आते हैं, तो आप उन्हें निष्पक्ष बताते हैं, लेकिन जब वे आपके खिलाफ जाते हैं, तो आप उन पर सवाल उठाते हैं। राहुल जी, यह दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। सियासी पैंतरों और भीड़ से जनादेश को नहीं बदल सकते।

यमुना की सफाई के लिए 8,941 करोड़ की 43 परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह ने यमुना नदी को साफ करने 8,941 करोड़ की 43 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। शाह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना में प्रवाहित होने वाले सीवर के पानी की मात्रा को कम किया है।

पंजाब में इस बार बनने जा रही एनडीए की सरकार

शाह ने शिरोमणि अकाली दल के साथ भाजपा के गठबंधन को औपचारिक रूप देने का संकेत दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि इस बार पंजाब में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने वाली है। दिल्ली में डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लॉन्च पर शाह ने यह बात कही।

बिलासपुर पहुंचे डॉ. भागवत

2 दिनी प्रवास पर बौद्धिक वर्ग व अन्य बैठकों में मंथन करेंगे

एजेंसी ▶▶ बिलासपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत 2 दिनी प्रवास पर बिलासपुर पहुंच चुके हैं। उनके इस दौरे को लेकर राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। गुरुवार को वे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर उतरे। स्टेशन पर पहुंचने के बाद वे सीधे कोनी स्थित सरस्वती आवासीय विद्यालय के लिए रवाना हो गए। इस दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन और संघ के कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।



अपने इस दो दिवसीय प्रवास के दौरान मोहन भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बौद्धिक वर्ग और विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेंगे। इन बैठकों में संघ की आगामी गतिविधियों और संगठनात्मक विषयों पर गंभीर मंथन होगा। छग में संघ के कार्यों और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर भी चर्चा की संभावना जताई जा रही है।

जन विश्वास अभियान के दौरान समस्त अधिकारी फील्ड में रहकर जन समस्याओं का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रारंभ किया गया अभियान है। सरकार की प्राथमिकता वाले इस अभियान में सभी अधिकारियों को फील्ड में जाना ही है। सभी अधिकारी इस दिन फील्ड में रहकर अधिकतम जनसमस्याओं को मौके पर ही निराकृत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब वे बिना कोई सूचना दिए आकस्मिक रूप से किसी भी जिले में उतरकर वहां जन विश्वास अभियान में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, एसपी-आईजी की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव गृह संजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वीसी में जिलों के कलेक्टर्स एवं एसपी ने अपनी-अपनी तैयारियों की जानकारी दी।



कलेक्टर्स-कमिश्नर्स से वीसी के जरिए बैठक करते सीएम।

कुछ कलेक्टर इसमें गंभीरता से कार्य नहीं कर रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन जिलों में जनसमस्याओं की लंबित स्थिति बनी हुई है, वे कलेक्टर्स विशेष प्रयास कर लंबित प्रकरणों को न्यूनतम स्थिति में लेकर आएं। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ कलेक्टर इसमें पूरी गंभीरता से कार्य नहीं कर रहे हैं। यह बेहद आपत्तिजनक है। कलेक्टर्स मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में अपने प्रदर्शन में तत्काल सुधार लाएं। फील्ड में जाकर जनसमस्याओं का निराकरण करें।

स्वामित्व योजना में अब तक 1 लाख 60 हजार से अधिक रजिस्ट्रियां

भोपाल। मप्र में स्वामित्व योजना में ग्रामीणों को उनकी संपत्ति के स्वामित्व संबंधी वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर जारी है। सभी 55 जिलों में अब तक कुल 1 लाख 60 हजार 230 रजिस्ट्रियां पूर्ण की जा चुकी हैं। योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी भूमि पर स्थित मकानों एवं भूखंडों के स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार कर पात्र हितग्राहियों को उनकी संपत्ति पर अधिकार का प्रमाण पत्र सौंपा जा रहा है। सभी 55 जिलों में ग्रामीणों को स्वामित्व के वैधानिक दस्तावेज प्रदान किए जा रहे है। स्वामित्व योजना में अब तक छिंदवाड़ा जिला 8,530 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर प्रदेश मे शीर्ष पर है। इसके बाद रीवा में 7,563, सागर में 7,289, राजगढ़ में 6,285, छतरपुर में 6,128, नरसिंहपुर में 6,042, सतना में 5,620, शिवपुरी में 5,131, विदिशा में 4,850, सिवनी में 4,736, जबलपुर में 4,269 और ग्वालियर में 3,925 रजिस्ट्रियां पूर्ण हो चुकी हैं। बैतूल में 3,864, मंदसौर में 3,831, मंडला में 3,636, नर्मदापुरम में 3,624, सीहोर में 3,534, रायसेन में 3,159, कटनी में 2,971, बालाघाट में 2,913, गुना में 2,883, नीमच में 2,786, धार में 2,777, उज्जैन में 2,725, मैहर में 2,634, डिंडोरी में 2,534, मुरैना में 2,521, खंडवा में 2,370, श्योपुर में 2,354, बड़वानी में 2,339, टीकमगढ़ में 2,321, हरदा में 2,237, शाजापुर में 2,012, देवास में 1,987 आगर-मालवा में 1,755 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई हैं।

राज्य स्तरीय पुलिस स्मृति दिवस परेड समारोह-2026 में शामिल हुए सीएम, कहा

राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहूति देने वाले वीर जवानों को बारम्बार नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 अक्टूबर को भोपाल के लाल परेड मैदान पहुंचे। वे यहां के शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय पुलिस स्मृति दिवस परेड समारोह-2026 में शामिल हुए। उन्होंने यहां परेड की सलामी ली और सम्मान सूची प्राप्त की। इसके साथ ही, उन्होंने शहीद वेदी पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिस के 9 अधिकारियों-कर्मचारियों को नमन किया।

कार्यक्रम में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल की महिला-पुरुष प्लाटून, होमगार्ड प्लाटून, पाल-बेयरर पार्टी, कलर पार्टी, पुलिस बैंड, अश्वारोही दल और श्वान दल की टुकड़ियों ने भाग लिया। पुलिस बैंड की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों के बीच शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 21 अक्टूबर 1959 के ऐतिहासिक बलिदान को स्मरण करते हुए आज पूरा देश पुलिस स्मृति दिवस मनाता है। पुलिस और सशस्त्र बलों का हमारे इतिहास में विशेष महत्व रहा है।

खास बातें

- प्रधानमंत्री मोदी गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में हुआ नक्सलवाद का खात्मा
- भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



राज्य स्तरीय पुलिस स्मृति दिवस परेड समारोह में शामिल मुख्यमंत्री।

पुलिस ने उखाड़ फेंका नक्सलवाद

सीएम ने कहा कि यह हमारे लिए और भी अधिक गौरव का क्षण है कि हमारा प्रदेश लगभग 35 वर्षों से नक्सलवाद के जिस दंश को झेल रह था, उससे अब बाहर निकलने में सफल हुआ है। यह एक कठिन दौर था, जिसमें अनेक चुनौतियां थीं। लेकिन, हमारे जांबाज जवानों ने अपने अदम्य साहस, शौर्य और समर्पण से प्रदेश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में हमारे प्रदेश ने नक्सलवाद जैसी गंभीर चुनौती का न केवल सफलतापूर्वक सामना किया, बल्कि उस पर विजय प्राप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व और गौरव का विषय है।

देश के लिए अहम है पुलिस की भूमिका

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र की सुरक्षा, शांति और सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने में हमारे पुलिस बल और सशस्त्र बलों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। लाल चौक से लेकर लाल किले की प्राचीर तक लहराता तिरंगा आज पूरे देश और दुनिया के सामने भारत के स्वाभिमान, सामर्थ्य और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। यह ध्वज हमारे वीर जवानों, उनके अदम्य को भी अभिव्यक्त करता है। आज जब पूरी दुनिया उथल-पुथल और अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रही है, तब भी भारत का लोकतंत्र सुरक्षित और सशक्त है।

जवानों ने बढ़ाई पुलिस की साख



कार्यक्रम में शहीद जवानों के परिजन भी शामिल हुए।

सीएम ने कहा कि मैं सभी अमर शहीदों को नमन करता हूं और सभी पुलिसकर्मियों एवं सशस्त्र बलों के जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। अत्यंत महत्वपूर्ण की ऐसी घोषणाएं हमने की है, जो कि हमारे पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाती है। इस राशि का 50% शहीद की पत्नी और शेष 50 प्रतिशत राशि उनके माता-पिता को देने का निर्णय लिया गया। पुलिस के जवानों ने अपनी दक्षता के बल पर मध्यप्रदेश की साख बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गौरवशाली है एमपी पुलिस का इतिहास

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि आज हम कर्तव्य निर्वाहन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर पुलिसकर्मियों का स्मरण कर रहे हैं। हमारे सैनिकों ने देश और प्रदेश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए बलिदान दिया है। मध्यप्रदेश पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है। कश्मीर से तमिलनाडु और गोवा से नागालैंड तक मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने सेवाएं दी हैं। इस वर्ष मध्यप्रदेश पुलिस के 9 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है। हमारी संवेदनाएं सभी शहीदों के परिवार जनों के साथ हैं। ये परिवार हमारे पुलिस परिवार का हिस्सा हैं और इनका ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

अफसरों ने लिया घटनास्थल का जायजा

भीषण सड़क दुर्घटना में छह यात्रियों की मौत, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़



छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-केल्हारी मार्ग पर पहाड़हंसवाही के पास भीषण दुर्घटना में छह यात्रियों की मौत हो गई और 15 यात्री घायल हो गए। मनेंद्रगढ़ से केल्हारी की ओर जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य आरंभ कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची। राहत कर्मियों ने एंबुलेंस की सहायता से सभी 15 घायलों को इलाज के लिए तुरंत मनेंद्रगढ़ के अस्पताल पहुंचाया।

चौकीदार को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा

इस्पात फैक्ट्री में देर रात चोरों का धावा, कॉपर वायर चुराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हीरापुर क्षेत्र स्थित अमरनाथ इस्पात फैक्टरी में देर रात चोरों के एक गिरोह ने धावा बोलकर करीब 800 किलो कॉपर वायर चुरा लिया। कबीर नगर थाना क्षेत्र में स्थित इस कारखाने में चोरों ने सुरक्षा में तैनात चौकीदार को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा।

बदमाश रात लगभग एक बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देते रहे। चोरी गए तांबे के तारों की कीमत 10 से 15 लाख रुपये के बीच बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वारदात के समय चोरों का गिरोह फैक्टरी में दाखिल हुआ और ड्यूटी पर मौजूद चौकीदार को तुरंत पकड़ लिया। बदमाशों ने चौकीदार को बांधकर उसकी जमकर पिटाई की, ताकि वह कोई विरोध न कर सके और शोर न मचा पाए। इसके बाद आरोपियों ने कारखाने के भीतर रखे लगभग 800 किलो कॉपर वायर को औजारों से काटकर अलग किया। आरोपी देर रात करीब एक बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक यानी पूरे पांच घंटे तक फैक्टरी में मौजूद रहे और आसानी से चोरी करते रहे।



चिंतन

कुछ तो गंभीर चल रहा है सावधानी रखनी होगी



मुद्दा
रविन्द्र श्रीवास्तव

वैश्विक कूटनीति और आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले कुछ समय से जो सुगबुगाहट चल रही थी, वह अब एक बेहद खतरनाक और सुनियोजित नेटवर्क के रूप में सामने आने लगी है। अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की हालिया रिपोर्ट 'ग्लोबल केऑस इंक ग्रोज टू 101 ग्रुप्स' ने जिन तथ्यों को उजागर किया है, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी भी हैं। फ्रांस की सड़कों पर भड़के दंगे और भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों के तार आपस में जुड़े हुए हैं। यह कोई स्थानीय या स्वतः स्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि 9 देशों के 101 संगठनों का एक ऐसा 'सीक्रेट नेटवर्क' है, जिसका मकसद लोकतांत्रिक सरकारों को अस्थिर करना और अराजकता फैलाना है। इस पूरे खेल को समझने के लिए इसके फंडिंग और वैचारिक पैटर्न को देखना होगा। रिपोर्ट में इस नेटवर्क को 'रेड-ग्रीन प्रोटेस्ट इकोसिस्टम' नाम दिया है, जहां 'रेड' (वामपंथी-कम्युनिस्ट ताकतें) और 'ग्रीन' (इस्लामी संगठन) एक साझा एजेंडे के तहत साथ आए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अराजकता की आर्थिक कमान चीन के शंघाई में बैठे अमेरिकी मूल के टेक कारोबारी नेविल रॉय सिंघम के हाथों में बताई जा रही है। सिंघम पर पहले भी भारत विरोधी नैरेटिव और वामपंथी संगठनों को फंडिंग करने के आरोप लगते रहे हैं। अब उनकी पत्नी और 'कोडपिंक' की सह-संस्थापक जोडी इवांस के बयानों से साफ है कि फ्रांस, स्पेन और भारत के प्रदर्शनों को एक सोची-समझी रणनीति के तहत हवा दी जा रही है, ताकि आम जनता को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया जा सके। इस कूटनीतिक और सुरक्षात्मक विमर्श का सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि इस नेटवर्क ने युवाओं और छात्रों को सबसे बड़ा हथियार बनाया है। 101 संगठनों में से 33 का नेतृत्व छात्र समूहों के पास होना और 20 नवंबर को यूरोप में प्रस्तावित 'इंटरनेशनल यूथ स्ट्राइक' इस बात का सबूत है कि युवाओं की ऊर्जा को पूंजीवाद और लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ मोड़ने की गहरी साजिश रची जा रही है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग हो या भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ 'चुनाव आयोग' पर हमला, दोनों का पैटर्न एक जैसा है। संस्थाओं की विश्वसनीयता को खत्म करो और अराजकता का माहौल बनाओ। भारत के परिप्रेक्ष्य में सियासी घमासान शुरू हो गया है। सत्तापक्ष जहां इसे देश के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय साजिश बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे ध्यान भटकाने की कवायद करार दे रहा है। राजनीति अपनी जगह हो सकती है, लेकिन एक संप्रभु राष्ट्र के नाते भारत इस प्रकार के इनपुट को हल्के में नहीं ले सकता। अतीत में भी टूलकिट और विदेशी फंडिंग के जरिए देश के आंतरिक माहौल को बिगाड़ने के प्रयास देखे जा चुके हैं। जब विदेशी ताकतें देश के भीतर चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को निशाना बनाने लगें, तो यह मामला दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सुरक्षा का बन जाता है। कहा जा सकता है कि वैश्विक पटल पर 'कुछ तो गंभीर चल रहा है।' दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते भारत को अधिक सावधानी रखनी होगी। खुफिया एजेंसियों को डिजिटल मैप्स, टेलीग्राम नेटवर्क्स और विदेशी फंडिंग के स्रोतों पर पैनी नजर रखनी होगी, ताकि देश की संप्रभुता पर कोई आंच न आए। अगर आज इस 'अराजकता के सिंडिकेट' को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में लोकतंत्रों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

> सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है– विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए।

लोकतंत्र का लुप्त होता स्तंभः जवाबदेही

एक विचित्र विरोधाभास सामने आता है। सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए। किसी लोकतंत्र में चुनाव हो सकते हैं, स्वतंत्र न्यायपालिका, संवैधानिक निकाय और विस्तृत कानून भी हो सकते हैं। फिर भी, यदि सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग करने वाले लोग अपनी शक्तियों के उपयोग के तरीके के प्रति पर्याप्त रूप से जवाबदेह नहीं हैं, तो धीरे-धीरे नागरिकों का विश्वास कम हो सकता है।

लोकतंत्र के लिए वास्तविक खतरा केवल शक्ति का दुरुपयोग नहीं है, बल्कि ऐसी शक्ति भी है, जिसके प्रयोग का कोई स्पष्टीकरण न हो, जिसमें पारदर्शिता का अभाव हो और जिसके दुरुपयोग या विफलता के कोई परिणाम न हों। इस बात पर कोई दो राय नहीं हो सकती कि न्यायपालिका कार्यपालिका से स्वतंत्र होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और सरकारों से स्वतंत्र होना चाहिए। संवैधानिक प्राधिकारियों को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। संसद को कार्यपालिका के कार्यों की जांच और समीक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। फिर भी, इनमें से प्रत्येक संस्था अपनी वैधता संविधान से और अंततः जनता से प्राप्त करती है। भारत में लोकतंत्र का संचालन कई कठिन सच्चाइयों को सामने लाता है। सब कुछ ठीक नहीं है। लोग यह प्रश्न क्यों पूछते हैं कि क्या गलत हो रहा है? उन्हें इन प्रश्नों के उत्तर मिलने चाहिए। जनता का विश्वास जवाबदेही की माँग करता है। जवाबदेही समस्या नहीं, बल्कि समाधान है। हालांकि, भारतीय लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे तंत्र विकसित करना है, जो संस्थाओं की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखते हुए उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित करें। जवाबदेही की दिशा में पहला कदम पारदर्शिता है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 ने नागरिकों को जानने का अधिकार दिया है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था को इससे एक कदम आगे बढ़ना होगा। जानने का अधिकार, प्रश्न पूछने के अधिकार में बदलना चाहिए और प्रश्न पूछे जाने के बाद संस्थाओं का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे उत्तर दें और अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें।

भारत को व्यापक सार्वजनिक चर्चा के बाद एक स्वतंत्र संवैधानिक जवाबदेही आयोग स्थापित करने पर विचार करना चाहिए। इस आयोग के गठन में पर्याप्त संवैधानिक सुरक्षा उपाय होने चाहिए और इसे राजनीतिक तथा कार्यपालिका के दैनिक हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रखा जाना चाहिए। इस आयोग का उद्देश्य न्यायिक निर्णयों के विरुद्ध अपील सुनना या संवैधानिक प्राधिकारियों के वैध कार्यों तथा विवेकाधिकार में हस्तक्षेप करना नहीं होना



चाहिए। इसका कार्यक्षेत्र अधिक सीमित, लेकिन अधिक बुनियादी होना चाहिए। इसमें संस्थाओं द्वारा अपनी संवैधानिक और वैधानिक जिम्मेदारियों के अनुपालन की निगरानी करना, व्यवस्थागत कमियों की पहचान करना, निष्कर्ष प्रकाशित करना तथा सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सुझाव देना शामिल होना चाहिए।

प्रत्येक प्रमुख संवैधानिक संस्था को वार्षिक संवैधानिक प्रदर्शन रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में स्पष्ट और आसानी से समझ में आने वाले तरीके से जानकारियां दी जानी चाहिए। इन रिपोर्टों को संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए और जनता के लिए भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिस कार्य का पारदर्शी ढंग से मापन किया जाता है, उसके जिम्मेदारीपूर्वक किए जाने की संभावना अधिक होती है। संस्थागत शक्ति के सबसे कम पहचाने जाने वाले रूपों में से एक है-निर्णय लेने में देरी करने की शक्ति। जहां संविधान या कानून किसी संवैधानिक पदाधिकारी को निर्णय लेने का दायित्व सौंपता है, वहां जहां तक संवैधानिक रूप से संभव हो, उस शक्ति के प्रयोग के लिए एक उचित अधिकतम समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। यह सिद्धांत विशेष रूप से उन मामलों में महत्त्वपूर्ण है, जहां देरी से लोकतांत्रिक शासन, विधायी कार्यप्रणाली या नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। विवेकाधिकार का अर्थ अनिश्चितकाल तक निष्क्रिय बने रहने की स्वतंत्रता नहीं हो सकता। बेशक, प्रत्येक संवैधानिक निर्णय को किसी कठोर समय-सीमा में बाँधना न तो संभव है और न ही आवश्यक। संवैधानिक मामलों की जटिलता के कारण कभी-कभी पर्याप्त विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। लेकिन वैध विचार-विमर्श और जानबूझकर की जाने वाली टालमटोल के बीच अंतर होना चाहिए। संवैधानिक शासन में चुप्पी और देरी को निर्णय लेने के विकल्प के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। जवाबदेही सुनिश्चित करने के सबसे सरल और प्रभावशाली उपायों में से एक है - निर्णयों के कारण बताने की अनिवार्यता। किसी नागरिक को हमेशा अपनी इच्छानुसार परिणाम प्राप्त करने का अधिकार नहीं हो सकता। लेकिन जब किसी महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग किया जाता है, तो सामान्यतः नागरिक को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि ऐसा क्यों किया गया। कारणयुक्त निर्णय लेने से एक साथ तीन उद्देश्यों की पूर्ति होती है- पारदर्शिता, अनुशासन और जनता का विश्वास। इसके अतिरिक्त, जहां आवश्यक हो, ऐसे निर्णयों की प्रभावी संवैधानिक और न्यायिक समीक्षा करना भी संभव होता है। निस्संदेह, कुछ परिस्थितियों में गोपनीयता या संवैधानिक आवश्यकताओं के कारण अपवाद उचित हो सकते हैं। लेकिन अपवाद इस नियम को ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए। परिणामों के बिना जवाबदेही केवल विफलताओं का लेखा-परीक्षण बनकर रह जाती है। यदि कोई व्यवस्था लगातार या जानबूझकर की गई विफलताओं की पहचान तो करती है, लेकिन उसके बाद कोई सार्थक संस्थागत कार्रवाई नहीं होती, तो अंततः संस्थाओं को यही संदेश मिलता है कि जवाबदेही केवल औपचारिकता है। हालांकि, इन परिणामों की व्यवस्था अत्यंत सावधानीपूर्वक तैयार की जानी चाहिए। लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार नहीं है। लोकतंत्र यह आश्वासन भी है कि सार्वजनिक शक्ति सौंपी गई प्रत्येक व्यक्ति उसका प्रयोग संवैधानिक सीमाओं के भीतर करेगा, आवश्यकता पड़ने पर उसके प्रयोग का स्पष्टीकरण देगा, वैध जाँच और समीक्षा को स्वीकार करेगा। सभी संस्थाओं और उनकी शक्तियों के साथ कर्तव्य जुड़े होते हैं। जवाबदेही उन शक्तियों का अभिन्न अंग है।

(लेखक सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
रोहित माहेश्वरी



कानून व्यवस्था को चुनौती देते गैंगस्टर

देश में संगठित अपराध और गैंगस्टरों की बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हाल में साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहों ने देश के कई राज्यों में सुरक्षा एजेंसियों की नाक में दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियों को निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्या की वारदातों ने शासन-प्रशासन के इकबाल पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। यह बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान व रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरों के निशाने पर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अब भी संगठित अपराध कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिस की खुफिया सूचनाओं की मदद से कोटा रेलवे स्टेशन से तीन संदिग्ध हमलावरों को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफ की कार पर गोलीबारी के बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड का पुराना ख़ौफ़ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड के पुराने ख़ौफ़ की वापसी का संकेत है या इसे एक अलग घटना के तौर पर देखा जाना चाहिए? देश में कानून-व्यवस्था के समानांतर अपराध की सत्ता चलाने वाले गिरोहों का इतिहास पुराना रहा है। बेशक समय के साथ अपराधी संगठनों के नामकरण और अपराध के तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊद से लेकर छोटे राजन के गैंगवार की साक्षी रही है। अब वहां नये सिरे से गैंगस्टरों का दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलों को महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसा की इक्का-दुक्का घटनाओं के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तव में ये समाज में लगातार गहरी होती जाती एक गंभीर समस्या के लक्षण हैं।

यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरों की कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाज में रक्तबीजों की तरह लगातार बढ़ते जाएंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विता का खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होने से समाज को ही भुगतना पड़ेगा। दरअसल, पुलिस की शुरुआती जांच से पता चला है कि इस हमले के संदिग्ध हमलावरों में से एक का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित साथी से है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए लॉरेंस बिश्नोई साल 2015 से जेल में बंद है। ऐसे में सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षा में जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई का नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधों में संलिप्तता के रूप में कैसे उछाला जाता है? भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप व अमेरिका में सक्रिय बताये जाते हैं। अमेरिका में उसे अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोह के रूप में चिन्हित किया जाता है। कुछ समय पहले उसके करीबी सहयोगियों में से एक, करमवीर सिंह को कनाडा से डिपोर्ट किया गया था। पिछले महीने पंजाब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को नवंबर 2025 में अमेरिका से डिपोर्ट किया गया था। उसके उपरांत नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल, यह मामला आपराधिक गिरोहों और आतंकी समूहों के बीच सांठगांठ से जुड़ा बताया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों और लोक व्यवस्था का हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 303 लागू की है, जिसके तहत लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियों को गुजरात की साबरमती जेल से बाहर ले जाने या मुंबई पुलिस की प्रत्यक्ष कस्टडी में देने पर रोक है। इस वजह से जांच एजेंसियां केवल जेल के अंदर ही पूछताछ कर पा रही हैं, जिससे बड़ी साजिशों का पूरी तरह पर्दाफाश करने में बाधा आ रही है। सर्वोच्च अदालत भी गैंगस्टर कानूनों की संवैधानिक वैधता और संगठित अपराधों से निपटने के प्रावधानों की समीक्षा कर रही है ताकि पुलिस व प्रशासन बिना किसी कानूनी अड़चन के इन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस सके। गैंगस्टरों और अपराधियों पर पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। निस्संदेह, कानून लागू करने वाली एजेंसियों को चुनौती देने वाले इन गिरोहों की कमर तोड़ना राज्य सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं अपराधियों में कानून का डर पैदा करने और जनता में सुरक्षा की भावना बहाल करने के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर समन्वय और जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से पूरी तरह अभेद्य बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धैर्य और संतोष ही सुखी जीवन के आधार



संकलित
दर्शन

मानव स्वभाव से सौम्य, संवेदनशील और सहयोगी प्राणी है। उसके भीतर प्रेम, करुणा, सहानुभूति और परोपकार की भावनाएं विद्यमान रहती हैं, लेकिन जब वह आवेग, क्रोध और अनियंत्रित इच्छाओं के वशीभूत हो जाता है, तब उसका विवेक कमजोर पड़ने लगता है। क्षणिक आवेश में लिया गया निर्णय कभी-कभी उसके पूरे जीवन को संकट में डाल देता है। इसलिए जीवन में थोड़ी-सी सावधानी, विचारों पर नियंत्रण और आत्मजागृति का बहुत बड़ा महत्व है। मनुष्य यदि समय रहते अपने मन की चंचलता को पहचान ले और गलत दिशा में बढ़ते कदमों को रोक दे, तो अनेक अनर्थों से बच सकता है। जीवन की वास्तविक सफलता केवल उपलब्धियां प्राप्त करने में नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और विचारों को संतुलित रखने में भी निहित है। मनुष्य का स्वभाव स्थायी रूप से बुरा नहीं होता। परिस्थितियां, मानसिक तनाव, क्रोध, लोभ और आवेग कभी-कभी उसे ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित कर देते हैं, जिनका पश्चाताप उसे बाद में होता है। आवेग एक ऐसा प्रवाह है, जो व्यक्ति की विचारशक्ति को अपने साथ बहा ले जाता है। उस समय सही और गलत के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है। व्यक्ति कुछ क्षणों के लिए विवेक खो बैठता है और ऐसा कदम उठा लेता है, जिसकी कीमत उसे लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। इसलिए जब मन में क्रोध या प्रतिशोध की भावना प्रबल हो, तब तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय कुछ समय रुकना चाहिए।

भगवान चढ़ाया गया भोग कैसे खाते हैं




संकलित
प्रेरणा

क्या भगवान हमारे द्वारा चढ़ाया गया भोग खाते हैं? यदि खाते हैं, तो वह वस्तु समाप्त क्यों नहीं हो जाती? और यदि नहीं खाते हैं, तो भोग लगाने का क्या लाभ? एक युवा शिष्य ने पाठ के बीच में अपने गुरु से यह प्रश्न किए, गुरु ने तत्काल कोई उत्तर नहीं दिया। वे पूर्ववत पाठ पढ़ाते रहे, उस दिन उन्होंने पाठ के अन्त में एक श्लोक पढ़ायाः

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

पाठ पूरा होने के बाद गुरु ने शिष्यों से कहा कि वे पुस्तक देखकर श्लोक कंठस्थ कर लें। एक घंटे बाद गुरु ने प्रश्न करने वाले शिष्य से पूछा कि उसे श्लोक कंठस्थ हुआ कि नहीं? उस शिष्य ने पूरा श्लोक शुद्ध-शुद्ध गुरु को सुना दिया। फिर भी गुरु ने सिर नहीं में हिलाया, तो शिष्य ने कहा कि वे चाहें, तो पुस्तक देख लें, श्लोक बिल्कुल शुद्ध है। गुरु ने पुस्तक देखते हुए कहा- श्लोक तो पुस्तक में ही है, तो तुम्हारे दिमाग में कैसे चला गया? शिष्य कुछ भी उत्तर नहीं दे पाया। तब गुरु ने कहा- पुस्तक में जो श्लोक है, वह स्थूल रूप में है। तुमने जब श्लोक पढ़ा, तो वह सूक्ष्म रूप में तुम्हारे दिमाग में प्रवेश कर गया, उसी सूक्ष्म रूप में वह तुम्हारे मस्तिष्क में रहता है। और जब तुमने इसको पढ़कर कंठस्थ कर लिया, तब भी पुस्तक के स्थूल रूप के श्लोक में कोई कमी नहीं आई। इसी प्रकार पूरे विश्व में व्याप्त परमात्मा हमारे द्वारा चढ़ाए गए निवेदन को सूक्ष्म रूप में ग्रहण करते हैं, और इससे स्थूल रूप के वस्तु में कोई कमी नहीं होती। उसी को हम प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है।

- अशोक वर्मा, सिरसा

ट्रेंड

भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज



पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की। हम 'भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज' स्थापित करने और अपने युवाओं के लिए प्रौद्योगिकी हैकाथॉन आयोजित करने पर सहमत हुए हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

रेहान की फोटो प्रदर्शनी



दिल्ली के बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज़्यादा तस्वीरें हटा दी गईं। बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार की संपत्ति है। यानी, भाजपा सरकार की देखरेख में एक युवा कलाकार की कला को दबाया गया, जो कि बेहद निंदनीय है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

स्वतंत्रता सेनानी की जयंती



स्वतंत्रता सेनानी और अमर शहीद अशफाकुल्ला खान की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के प्रति उनका अटूट प्रेम आज भी एक मिसाल है। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

सैमसन की बल्लेबाजी



जब भी मैं संजू सैमसन को बल्लेबाजी करते देखता हूँ, तो मुझे लगता है कि उनका बल्ला सेट-अप के दौरान बहुत ज्यादा बंद रहता है, जिससे उनके आउट-स्विंग गेंदों पर आउट होने का खतरा बढ़ जाता है। वह जिस तरह से इसे संभालते हैं, वह काबिले तारीफ है। - इरफ़ान पठान, क्रिकेटर

करंट अफेयर

नवरात्रि समारोहों में शामिल हुए न्यूयार्क के मेयर ममदानी



अमेरिका के इलिनॉय राज्य में एक मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश नाकाम किए जाने के कुछ दिन बाद न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने यहां भारतीय मूल के हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा मनाई तथा लोगों से नफरत के खिलाफ एकजुट होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपील की। ममदानी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'इस सप्ताह मुझे क्वींस में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशैं और विजयादशमी मनाने का सौभाग्य मिला।' उन्होंने कहा, 'हमने गरबा किया, आरती में हिस्सा लिया, सिंदूर खेला की रस्म देखी और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में लोगों के साथ मिलकर खुशी और श्रद्धा के इस उत्सव में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात थी, खासकर इसलिए कि पिछले सप्ताह ही इलिनॉय के एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की कोशिश की गई थी।' मेयर ने कहा, ' 'आइए, हम सभी नफरत के खिलाफ खड़े होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपनी साझा जिम्मेदारी निभाने के लिए एकजुट हों। जय माता की।' सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में ममदानी भारतीय मूल के लोगों के साथ गरबा करते और मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेते दिखाई दिए।

ऑफ बीट

भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी



आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

पार्टी के झंडों से सजाया जाएगा पूरा मार्ग, निकलेगी बाइक रैली

छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रभारी स्मृति 25 को आएंगी रायपुर, मिशन 2028 पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रभारी स्मृति ईरानी 25 अक्तूबर को रायपुर आयेंगी। पार्टी ने स्वागत की तैयारी और संगठनात्मक अभियानों को लेकर कार्ययोजना बना ली है। ईरानी और सह प्रभारी सिद्धार्थ शम्भू के पहली बार छत्तीसगढ़ आने पर स्वामी विवेकानंद माना एयरपोर्ट पर भाजपा महिला मोर्चा जोरदार स्वागत करेगा। इसके बाद माना एयरपोर्ट से लेकर बीजेपी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर तक विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। पूरे मार्ग को पार्टी के झंडों से सजाया जाएगा। बीजेपी पदाधिकारियों के मुताबिक है कि वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से बूथ स्तर पर शुरू करनी होगी। सभी जनप्रतिनिधि सीधे बूथ स्तर के कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने हर महीने जिला, मंडल और शक्ति केंद्र स्तर पर अनिवार्य रूप से बैठक करने के निर्देश जारी किये हैं।

पदाधिकारियों के साथ सुनेंगी 'मन की बात'

भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के आने पर शहर में कहीं भी व्यक्तिगत फ्लेक्स या होर्डिंग्स न लगाकर पूरे शहर को भाजपा के झण्डों से सजाया जाएगा। ईरानी 25 अक्टूबर को रायपुर में पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनेंगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री और रायपुर संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी ने बताया कि 31 अक्टूबर को विशाल पदयात्रा निकाली जायेगी। वहीं 31 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक 'घुसपैठिए हटाओ-देश बचाओ' अभियान चलाया जाएगा। संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।

सरेंडर नक्सली की संदिग्ध मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

बीजापुर। जिला मुख्यालय स्थित पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे एक सरेंडर नक्सली की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए सवाल उठाए हैं। बीजापुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम कमकानार निवासी 26 वर्षीय नरसू बोड्डू उर्फ नैती के रूप में हुई है। नरसू 23 जुलाई से बीजापुर के पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण ले रहा था। 21 अक्टूबर को उसके शौचालय में फांसी लगाने की सूचना मिली। इसके बाद एफएसएल की टीम और बीजापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। मृतक के भाई सतीश कुमार बोड्डू ने आत्महत्या के दावे पर अविश्वास जताया है। उन्होंने बताया कि नरसू ने पहले आत्मसमर्पण किया था और फिर घर लौट आया था। इसके बाद उसे प्रशिक्षण के लिए पुनर्वास केंद्र बुलाया गया था। सतीश के अनुसार नरसू को जल्द ही केंद्र से छुट्टी मिलने वाली थी और वह घर लौटने को लेकर बहुत खुश था। इसी कारण परिजनों ने उसकी मृत्यु पर हत्या की आशंका व्यक्त की है। सतीश ने बताया कि घटना से एक रात पहले रात लगभग 9:09 बजे उनकी नरसू से फोन पर बात हुई थी। उसने अगली सुबह फिर बात करने की बात कही थी। भाई के अनुसार बातचीत के दौरान ऐसा कुछ महसूस नहीं हुआ, जिससे लगे कि नरसू कोई गलत कदम उठाने वाला है।

जगदलपुर में मुरिया दरबार में होंगी शामिल

छग प्रवास पर पहुंची राष्ट्रपति मूर्मू मुख्यमंत्री साय ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचीं। इस दौरान स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मंत्री विजय शर्मा, मंत्री खुशवंत साहेब, मंत्री राजेश अग्रवाल, मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद विजय बघेल समेत अन्य नेता मौजूद रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर जगदलपुर आएंगी। इस दौरान वे बस्तर दशहरा की ऐतिहासिक परंपरा से जुड़े सिरहासार भवन में आयोजित मुरिया दरबार में शामिल होंगी। लालबाग मैदान में आयोजित आमसभा को भी संबोधित करेंगी।

राष्ट्रपति मुर्मु के प्रस्तावित प्रवास को लेकर जगदलपुर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। वन मंत्री केदार कश्यप ने लालबाग मैदान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

कैंसर और महिला रोग उपचार में कोकिलाबेन अस्पताल को वैश्विक सम्मान

मुंबई। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल एवं चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, मुंबई को कैंसर उपचार तथा महिला रोग एवं प्रसूति चिकित्सा में उत्कृष्टता के लिए न्यूजवीक और स्टेटिस्टा की 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ विशिष्ट अस्पताल 2027' सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं और मरीजों की देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अस्पताल के कैंसर केंद्र में कीमोथेरेपी, विकिरण चिकित्सा, प्रतिरक्षा चिकित्सा, लक्षित उपचार तथा रोबोटिक शल्य चिकित्सा जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों की आवश्यकताओं के अनुरूप उपचार की योजना तैयार करती है। महिला रोग एवं प्रसूति विभाग में उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, प्रसव पूर्व और प्रसव पश्चात देखभाल, एंडोमेट्रियोसिस तथा जटिल स्त्री रोगों का उपचार किया जाता है। अस्पताल के अनुसार, इसका एंडोमेट्रियोसिस केंद्र यूरोपीय एंडोमेट्रियोसिस लीग के कार्यक्रम के तहत प्रमाणित होने वाला भारत का पहला और एकमात्र केंद्र है। अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक डॉ. संतोष शेट्टी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान चिकित्सकों की विशेषज्ञता, आधुनिक तकनीक और मरीजों के प्रति समर्पित सेवाओं का प्रमाण है। अस्पताल ने भविष्य में भी उच्चस्तरीय और संवेदनशील चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई।

निवेश जागरूकता के नए विचार देंगे छात्र, 11.5 लाख के पुरस्कार

मुंबई। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ने विद्यार्थियों के लिए 'रीइमेजिन आइडियाथॉन 2.0' की शुरुआत की है। विश्व निवेशक सप्ताह 2026 के दौरान शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य वित्तीय जागरूकता बढ़ाना और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के नए उपाय तलाशना है। प्रतियोगिता में विजेता पांच टीमों के लिए कुल 11.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। पंजीकरण 7 अक्टूबर 2026 से शुरू हो चुके हैं। इस प्रतियोगिता में देशभर के छात्र ऐसे नए विचार प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनसे पहली बार निवेश करने वालों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों तक निवेश संबंधी जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से पहुंचाई जा सके। इसके लिए मोबाइल अनुप्रयोग, वेबसाइट, खेल, संवाद सहायक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समाधान प्रस्तुत किए जा सकते हैं। सीडीएसएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नेहल वोरा ने कहा कि सही जानकारी निवेशकों को सोच-समझकर निर्णय लेने और वित्तीय धोखाधड़ी से बचने में मदद करती है। प्रतियोगिता के विचारों का मूल्यांकन नवाचार, उपयोगिता, सुरक्षा और प्रभाव के आधार पर विशेषज्ञ निर्णायक मंडल करेगा। इसकी अध्यक्षता एस. रामादोरई करेंगे, जो टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक रह चुके हैं। सीडीएसएल के अनुसार, प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं की भागीदारी से निवेश शिक्षा को अधिक सरल, प्रभावी और व्यापक बनाना है। इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण और विस्तृत जानकारी के लिए **https://ideathon.cdslindia.com/** पर जा सकते हैं।

पटवारी ने शीतला मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल



हादसे में घायल परिजनों से हालचाल पूछते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी।

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ग्वालियर में शीतला माता मंदिर हादसे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस स्थान पर साइकिल ले जाने तक पर प्रतिबंध था, वहां ट्रक कैसे पहुंच गया? जब मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, तो उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन ने क्या इंतजाम किए थे? क्या सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी नहीं की जा रही थी? इस गंभीर चूक की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? पटवारी बुधवार को ग्वालियर पहुंचे और हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ उन्होंने सड़क हादसे में घायल लोगों से रिम्स हॉस्पिटल पहुंचकर मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उनके उपचार की जानकारी ली।

मोटोरोला के मोबाइल पर त्योहारी छूट

जबलपुर। मोबाइल निर्माता कंपनी मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की महा-बचत बिक्री के दूसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत कई स्मार्टफोन विशेष कीमतों पर उपलब्ध होंगे। कंपनी की यह बिक्री 22 अक्टूबर 2026 से शुरू हुई है। मोटोरोला एज 70 फ्यूजन की शुरुआती कीमत 29,749 रुपये, एज 70 प्रो की 36,999 रुपये और एज 70 प्रो प्लस की 44,999 रुपये रखी गई है। वहीं मोटो जी मैक्स और मोटो जी77 पावर की शुरुआती कीमत 19,999 रुपये तथा मोटो जी37 पावर की 15,499 रुपये है। प्रीमियम श्रेणी के मोटोरोला सिग्नेचर की शुरुआती कीमत 57,249 रुपये निर्धारित की गई है। कंपनी के अनुसार, इन मोबाइल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कैमरा, उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने की सुविधा, बेहतर प्रदर्शन, आकर्षक पर्दा और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी जैसी खूबियां हैं। कुछ मॉडलों में 7000 एमएएच की बड़ी बैटरी भी दी गई है। ग्राहक फ्लिपकार्ट पर इन मोबाइल की खरीदारी कर सकते हैं। खरीदारी से पहले अलग-अलग भंडारण क्षमता वाले मॉडलों की कीमत, बैंक छूट और अन्य शर्तों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।



तनिष्क का 'अध्यंतरा' संग्रह आभूषणों में दिखेगी ब्रह्मांड की सुंदरता

जबलपुर। आभूषण निर्माता तनिष्क ने धनतेरस के अवसर पर अपना नया आभूषण संग्रह 'अध्यंतरा' प्रस्तुत किया है। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस संग्रह के प्रचार अभियान में नजर आएंगी। ब्रह्मांड, सूर्य, चंद्रमा और चमकते सितारों से प्रेरित इस संग्रह में आधुनिक भारतीय महिला की सुंदरता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के विविध रूपों को दर्शाया गया है। संग्रह में 100 से अधिक आकर्षक डिजाइनों के हार, चूड़ियां, अंगूठियां और मंगलसूत्र शामिल हैं। 18 और 22 कैरेट सोने से बने इन आभूषणों में कुंदन, रंगीन रत्न, बिना तराशे हीरे और बारीक कारीगरी का उपयोग किया गया है। कुछ आभूषणों को इस तरह तैयार किया गया है कि उन्हें अलग-अलग तरीकों से पहनकर नया रूप दिया जा सकता है। तनिष्क की मुख्य विपणन अधिकारी पेल्की त्शेरिंग ने बताया कि इस संग्रह का उद्देश्य ब्रह्मांड की अद्भुत सुंदरता को भारतीय आभूषण कला के माध्यम से प्रस्तुत करना है। वहीं, डिजाइन प्रमुख गरिमा माहेश्वरी के अनुसार, संग्रह में आधुनिक डिजाइन और पारंपरिक कारीगरी का अनूठा मेल है। त्योहारी खरीदारी को आकर्षक बनाने के लिए कंपनी सोने के आभूषणों पर प्रति ग्राम 301 रुपये की छूट, आभूषण निर्माण शुल्क और हीरों के मूल्य पर 20 प्रतिशत तक की छूट तथा पुराने सोने के बदले नए आभूषण खरीदने पर निर्धारित शर्तों के अनुसार शून्य प्रतिशत कटौती का लाभ भी दे रही है।





राशिफल

मेष — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

प्रथम निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	Tender ID-2026_UAD_544686_1 PRO_693 DATE - 22/10/2026	संभाग क्रं. 02 कछपुरा मदनमहल वार्ड अंतर्गत दो स्थानो द लिविंग आर्ट आश्रम के पास गैस गोदाम तक एवं रंगा टाल से श्री राम मार्बल के पास तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य पार्षद अनुशंसा	03 माह 8.49 लाख	2000 8491	10/11/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट, जिला बालाघाट (म.प्र.) 481001

क्र. एफ/ लोक निर्माण शाखा/50-2/2026/10232 बालाघाट, दिनांक 22/10/2026

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

क्रं.	टेंडर आईडी नं.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_544585_1	उत्कृष्ट स्कूल मैदान में ग्रास कोट कार्य।	45 Days 3,37,838/-	2000/- 3379/-	09/11/2026
2	2026_UAD_544487_1	शासकीय एम.एल.बी.स्कूल में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य।	06 months 3373717/-	5000/- 25303/-	25/11/2026
3	2026_UAD_544307_1	निकाय क्षेत्रांतर्गत निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में शेड निर्माण कार्य।	02 months 3256209/-	5000/- 24422/-	25/11/2026
4	2026_UAD_544118_1	वार्ड क्रमांक 14 स्थित बाघ कालोनी में किड्स स्वीमिंगपुल एवं अन्य निर्माण कार्य	12 months 1,66,31,197/-	12500/- 83156/-	25/11/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बालाघाट
जिला - बालाघाट(म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, म.प्र.

Tel.No.-07791-254777 E-mail-cmogadarwada@mpurban.gov.in

क./1669/राजस्व. शा. / न.पा.प./2026-27 **निलामी की सूचना** गाडरवारा, दिनांक 22/10/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गाडरवारा के स्वामित्व के अधीन विभिन्न काम्पलेक्स की दुकानों को मध्य प्रदेश नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 (निविदा दिनांक तक हुये समस्त संशोधनों सहित) में उल्लेखित एवं विरचित प्रावधानों के अधीन आवंटन हेतु लमसम दर पर बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित किया जाता है। दुकानों से संबंधित विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	शापिंग काम्पलेक्स का नाम	शेष दुकानों की संख्या	दुकानों का क्रमांक	निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति दुकान
1	अटल शापिंग काम्पलेक्स कामथ वार्ड गाडरवारा	11	भूतल 3,4,5 प्रथम तल 18, 22,23,24,26,27,28,29	3000
2	सब्जी मण्डी शापिंग काम्पलेक्स गाडरवारा	06	07,08,14,15,16,19	3000
3	बस स्टैण्ड काम्पलेक्स का ब्लाक .. ए..	05	01,02,03,04,05	3000
4	बस स्टैण्ड काम्पलेक्स का ब्लाक .. बी..	11	07 से 10, 13 से 15, 18 से 21	3000
5	बस स्टैण्ड काम्पलेक्स का ब्लाक .. सी..	15	07 से 16 एवं 18 से 22	3000
	कुल	48	07 से 16 एवं 18 से 22	3000

कुल नोट :- 1. निविदा की तिथी 23/10/2026 से 06/11/2026 तक है दिनांक 06/11/2026 को दोपहर 3 बजे तक क्रय निविदा पेटी में डाले जा सकते है। निलामी के टेण्डर दिनांक 06/11/2026 को शाम 5 बजे खोले जावेगे। 2. निलामी की विस्तृत जानकारी निकाय की राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है

(रितु मेहरा), मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, म.प्र.

खंड - I ई - निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन

कार्यालय क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/E09/ई-टेंडरिंग/2026-27 सिवनी, दिनांक 15/10/2026

1. उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित इ 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है ।

क्र.	कार्य का विवरण	धरोहर राशि (एफ. डी. आर.)	निविदा दस्तावेजों का मूल्य (फार्म का मूल्य)
1	कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी हेतु वनगश्ती / वन सुरक्षा में उपयोग के लिये कुल 05 वाहन बोलेरो (Bolero) (डीजल - ए.सी.) मय वाहन चालक जिसका मॉडल 01 जनवरी 2023 अथवा उसके बाद का हो जिसमे GPS Tracker, Front & Rear Dash Cams with 07 days Backup, लगा हो एवं Taxi Permit होना आवश्यक है की निविदा आमंत्रित की जाती है।	रू. 54,000/-	1000/- Tax extra

कार्यालय का नाम	कार्यक्षेत्र	वाहन की संख्या
1. कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी	पेंच टाइगर रिजर्व के अंतर्गत सिवनी / छिंदवाड़ा जिले का संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र	05 नग


1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक २२/10/2026 बजे 11:00 AM से दिनांक 31/10/2026 बजे 05:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथिया लागू होगी । 4. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं । 5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

क्रमांक	विवरण	दिनांक	समय
1	Publish Date	21/10/26	11.00 AM
2	Document Sale Start Date	22/10/26	11.00 AM
3	Bid Submission Start Date	22/10/26	11.00 AM
4	Bid Submission End Date	31/10/26	05.00 PM
5	Bid Opening Date	02/11/26	12.00 PM

उप संचालक
पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी (म.प्र.)

G-20332/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

शब्द पहेली - 6386



बाएँ से दाए-

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली -6385 का हल

क	ल	र	व				मु	का	ब	ला
मी			त	म	त	मा	ना			ज
श	व		न	या		न	दी		जी	वा
न	र	क		न	म	क		ख	रा	ब
	दा	म	न		जा		न	का		
	न		ख	त		म	न		म	
		सा	रा		आ		द	म	न	
अ	ना	र		र	स	म		त	ह	री
मा	ता		ल	क		सौ	त		र	त
न			च	म	क	वा	र			स
त	क	दी	र				ल	ल	का	र

सूडोकु नवताल- 6396

मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6395 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE



पक्षी जगत / शिखर चंद जैन

अनोखी खूबियों वाले अमेजिंग बर्ड्स

बच्चो, तुमने अपने आस-पास या चिड़ियाघर में कई तरह के पक्षी देखे होंगे। लेकिन क्या ऐसे पक्षियों के बारे में जानते हो, जो हवा में हेलीकॉप्टर की तरह उड़ सकते हैं, मिसाइल जैसी रफ्तार से गोता लगा लेते हैं या जो किसी भी आवाज की नकल कर लेते हैं? यहां हम तुम्हें ऐसी ही अनोखी खूबियों वाले कुछ पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

हमिंग बर्ड उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

हमिंग बर्ड, दुनिया का सबसे छोटा पक्षी तो है ही। इसके पास ऐसी काबिलियत भी होती है, जो किसी अन्य पक्षी के पास नहीं है। यह अकेला ऐसा पक्षी है, जो पीछे की तरफ भी(उल्टा) उड़ सकता है, दाएं-बाएं मुड़ सकता है और हवा में एक ही जगह पर बिना हिले-डुले स्थिर रह सकता है। यह एक सेकेंड में 50 से 80 बार तक अपने पंख फड़फड़ा सकता है। इस दौरान इनके पंखों से 'हमिंग' (भिनभिनाने) की आवाज आती है, इसीलिए इसे हमिंग बर्ड नाम दिया गया है। हमिंग बर्ड के पंखों का जोड़ा 180 डिग्री तक घूम सकता है, जिससे यह किसी हेलीकॉप्टर की तरह हर दिशा में कलाबाजी खा सकता है। इसका हृदय भी एक मिनट में 1,200 से भी ज्यादा बार धड़कता है। अपने शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए इसे हर 10-15 मिनट में भोजन की आवश्यकता होती है। हमिंग बर्ड की याददाश्त बहुत तेज होती है। इसे वह जगह और फूल तक याद रहता है, जहां जिस फूल से इसने पहले रस पिया होता है। *

पेरेग्रिन फाल्कन आसमान की मिसाइल



पेरेग्रिन फाल्कन यानी शाहीन बाज, सबसे तेज गति से हवा में गोता लगा लेता है। जब यह शिकार करने के लिए आसमान से सीधे नीचे की ओर गोता लगाता है, तो इसकी रफ्तार 320 से 390 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच जाती है, जो हाई स्पीड बुलेट ट्रेन से भी तेज है! इस तेज गति से उड़ते समय जब हवा इसके नथुनों में टकराती है, तो फेफड़े फटने का खतरा होता है। लेकिन कुदरत ने इसकी नाक के अंदर छोटे-छोटे विशेष शंकु जैसी संरचना बनाई है, जो हवा के दबाव को नियंत्रित करते हैं। इसकी आंखों में एक विशेष पारदर्शी झिल्ली होती है, जो तेज हवा में भी चश्मे की तरह काम करती है और बिना पलक झपकाए शिकार को तेजी से झपटने में मदद करती है। *

लायर बर्ड जंगल का साउंड रिकॉर्डर

ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में पाया जाने वाला लायर बर्ड, दुनिया का सबसे बड़ा और चतुर नकलची पक्षी है। इसके स्वर-यंत्र की संरचना इतनी जटिल और विकसित होती है कि यह अपने आस-पास सुनी गई किसी भी ध्वनि की हूबहू नकल कर सकता है। जंगल के अन्य दर्जनों पक्षियों की आवाजों के अलावा, लायर बर्ड इंसानों द्वारा बनाई गई मशीनों की आवाजें जैसे कार का हॉर्न, कैमरे के शटर की क्लिक, कुल्हाड़ी की चोट, चेनसॉ (लकड़ी काटने की आरी), मोबाइल फोन की रिंगटोन और यहां तक कि बच्चों के रोने की आवाज भी बिल्कुल सटीक पिच के साथ निकाल लेता है। नर लायर बर्ड, अकसर मादा को रिझाने के लिए इन सभी आवाजों का एक अनोखा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा जैसी ध्वनि उत्पन्न करता है। *



शुतुरमुर्ग एक्सप्रेस रनर

शुतुरमुर्ग उड़ नहीं सकता, लेकिन यह पृथ्वी का सबसे बड़ा, भारी और ऊंचा पक्षी है। उड़ने की कमी को यह अपनी जमीन पर दौड़ने की बेजोड़ क्षमता से पूरा करता है। शुतुरमुर्ग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लगातार दौड़ सकता है और एक ही छलांग में 3 से 5 मीटर की दूरी तय कर लेता है। इसके पैरों में केवल दो अंगुलियां होती हैं, जो इसे दौड़ते समय बेहतरीन ग्रिप और गति देती हैं। इसके पैर इतने शक्तिशाली और मजबूत मांसपेशियों से बने होते हैं कि इसकी केवल एक किक से शेर या तेंदुए जैसे खतरनाक शिकारी की भी हड्डी टूट सकती है या उसकी मौत हो सकती है। *



वुडपेकर नेचुरल ड्रिल मशीन

वुडपेकर यानी कठफोड़वा पेड़ों के सख्त तनों में छेद करके कीड़े ढूंढ़ने के लिए अपनी चोंच से लकड़ी पर तेजी से वार करता है। यह एक सेकेंड में लगभग 20 बार और एक दिन में 8,000 से 12,000 बार लकड़ी पर चोट करता है। जब यह चोट करता है, तो इसके सिर पर लगने वाला झटका इंसान को लगने वाले किसी गंभीर एक्सीडेंट के झटके से 10 गुना ज्यादा होता है। इतने भीषण झटकों के बावजूद इसके दिमाग में जरा-सी भी चोट नहीं आती। इसकी खोपड़ी में स्पंज जैसी छिद्रयुक्त हड्डियां होती हैं, जो झटके को सोख लेती हैं। इसकी जीभ बेहद लंबी होती है, जिसे यह अपने सिर के चारों तरफ लपेटकर एक नेचुरल सीटबेल्ट की तरह काम लेता है। *



नए जमाने की ट्रेंडिंग डॉल मिरूमी

डॉल्स सभी बच्चों को खूब भाती हैं। आजकल तो अमेजिंग टेक्नोलॉजी से लैस कुछ ऐसी डॉल्स मिलती हैं, जो तुम्हें हैरत में डाल देंगी। ऐसी ही एक प्यारी-अनोखी जापानी डॉल है- मिरूमी। बच्चे-बड़े सभी को मिरूमी डॉल खूब पसंद आ रही है। इसके बारे में जानो कुछ रोचक बातें।

टेक्नो-ट्वॉय

अंजू जैन



बच्चो, मिरूमी कोई साधारण डॉल नहीं, यह जापान की मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बनी एक छोटी इंटरेक्टिव रोबोट डॉल है, जो अपने क्यूट बिहेवियर से सभी का दिल जीत रही है।

कहां से हुई मिरूमी की शुरुआत: मिरूमी डॉल की शुरुआत जापान के टोक्यो शहर से हुई है। इसे युकाई इंजीनियरिंग नाम की एक प्रसिद्ध रोबोटिक्स कंपनी ने बनाया है। 'मिरूमी' नाम दो जापानी शब्दों से मिलकर बना है 'मिरू', जिसका अर्थ है 'देखना' और 'नुइगुरूमी', जिसका अर्थ है 'भरा हुआ खिलौना' यानी स्टफ्ड टॉय। इसे बनाने की प्रेरणा जापानी लोककथाओं के जादुई जीव 'यो काई' और एक छोटे बच्चे की मासूम हरकतों से ली गई है।

बहुत खास और जीवंत है मिरूमी: मिरूमी डॉल में एडवांस सेंसर और मोटर लगे हैं, जिससे यह स्पर्श और आवाज पर रिएक्ट करती है। जब कोई इसे प्यार से थपथपाता है, तो यह अपनी गर्दन हिलाती है। अगर कोई अजनबी इसके बहुत करीब आता है, तो यह शरमाकर अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमा लेती है। जब कोई इसे देखता है, तो यह उसे ऐसे देखती है, जैसे कोई छोटा बच्चा देख रहा हो। जब इसकी बैटरी कम होती है, तो यह थकने का नाटक करती है, धीरे-धीरे अपना सिर हिलाने लगती है। मिरूमी की ये प्यारी हरकतें किसी का भी दिल खुश कर सकती है। यही वजह है कि इसे 'स्ट्रेस रिलीफ' करने वाले खिलौने के रूप में पसंद किया जा रहा है।



साथ रखना है आसान: बच्चो, इस क्यूट-सी डॉल मिरूमी को तुम कभी भी, कहीं भी अपने साथ कैरी कर सकते हो। इसके लंबे हाथ होते हैं, जो इसे आसानी से तुम्हारे बैग के स्ट्रैप या बेल्ट से चिपके रहने में मदद करते हैं। इसे बैग एसेसरी के रूप में लगाना आजकल फैशन बन गया है। इसे रिस्ट बैंड की तरह हाथों में भी पहना जा सकता है। जिनके पास मिरूमी डॉल है, वे इससे इतना लगाव महसूस करते हैं कि इसके लिए छोटे-छोटे स्वेटर, स्कार्फ और चश्मा भी खरीदने लगे हैं।

बच्चों को बनाती है संवेदनशील: मिरूमी डॉल बच्चों को संवेदनशीलता सिखाती है। जब कोई बच्चा देखता है कि मिरूमी 'डर' रही है या 'शरमा' रही है, तो वह उसे पुचकारता है, जिससे बच्चे के अंदर देखभाल करने की भावना विकसित होती है। *

मिरूमी की कुछ अन्य खासियतें

बच्चो, मिरूमी डॉल में कुछ और भी विशेषताएं हैं, जो इसे बहुत खास बनाती हैं-

आई-कॉन्टेक्ट तकनीक: इसमें एक विशेष 'अटेंशन सेंसर' लगा है। यह कमरे में मौजूद इंसानी चेहरे को पहचानती है। अगर तुम इसे 3 सेकेंड से ज्यादा देखोगे, तो यह भी तुम्हारी आंखों में आंखें डालकर देखेगी।

धड़कता है मिरूमी का दिल: अगर तुम मिरूमी को अपने सीने से सटाकर पकड़ते हो, तो तुम्हें इसके अंदर एक हल्की धड़कन जैसा महसूस होगा।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्रेरणादायी-रोचक कहानियां

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए प्रेरणादायक-रोचक कहानियों का एक संग्रह छपकर आया है, नाम है- टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना। राजकुमार जैन 'राजन' द्वारा लिखी गई इस किताब में कुल ग्यारह कहानियां हैं। इन सभी कहानियों के रंग अलग-अलग हैं। 'पारुल का सपना' कहानी में उसका पायलट बनने का सपना इसीलिए पूरा होता है कि इसके लिए उसने जी-तोड़ मेहनत की और अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सफल पायलट बन गई। 'पौधारोपण का महत्व' कहानी में दादाजी की यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है कि वृक्षों से हरियाली तो रहती ही है, हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक है, यह 'प्लास्टिक मुक्त' गांव कहानी पढ़कर जाना जा सकता है। 'खिलौना रोबोट' कहानी में यह तथ्य छिपा हुआ है कि माता-पिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी-कभी उनकी हर बात न मानकर कुछ बातों के लिए मना भी कर देते हैं। 'सच्ची दीवाली' कहानी का यह उद्देश्य है कि दीवाली जैसे त्योहार का मतलब सिर्फ रोशनी करना ही नहीं होता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देना ही त्योहार का असली उद्देश्य होता है। किताब की शीर्षक कहानी 'टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना' में दो महत्त्वपूर्ण बातें सामने आती हैं- एक, अगर लगन हो तो संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। दूसरी, ज्ञान जितना बांटा जाता है हमेशा वह बढ़ता ही जाता है। 'दीपू ने ठग पकड़वाए' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह दीपू ने बड़ी चतुराई और सूझबूझ से ढोंगी व्यक्ति का भंडाफोड़ किया और उसको पुलिस के हवाले करा दिया। संग्रह की अंतिम कहानी 'बच्चों का वाचनालय' शिक्षा के विस्तार से जुड़ी हुई है। ऐसे ही इस संग्रह की अन्य कहानियां भी तुम्हारा मनोरंजन करने के साथ-साथ तुम्हें कुछ-न-कुछ सिखाएंगी। *



किताब: टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना (कहानी संग्रह), **लेखक:** राजकुमार जैन 'राजन', **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन, भोपाल



कहानी

रवि प्रकाश

क्लास की खिड़की का शीशा टूटा तो इसके लिए आर्यन को दोषी माना गया, क्योंकि उसकी छवि एक शरारती लड़के की थी। एक छात्रा ने सच बताया, वास्तव में शीशा किससे टूटा? एक सच्ची लड़की की प्रेरक कथा।

सच का साहस



टन-टन-टन..!' लंच ब्रेक की घंटी बजते ही क्लास में शांत बैठे बच्चों का शोर-शराबा शुरू हो गया। वे टिफिन खोलने लगे, हंसते हुए बात करने लगे। सिक्सथ क्लास की मीरा अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वह अभी अपनी जगह से उठी ही थी कि पीछे से दौड़कर आती एक बच्ची का धक्का लगा। वह पास की खिड़की से जा टकराई। जोर की आवाज हुई, 'चटाक!' खिड़की का शीशा टुकड़ों में फर्श पर बिखर गया।

पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। क्लास मॉनिटर ने दबी आवाज में कहा, 'अरे मीरा! यह तो बहुत महंगा शीशा था। मिश्रा सर अभी आते ही होंगे, वे बहुत गुस्सा करेंगे।'

तभी मिश्रा सर क्लास में दाखिल हुए। टूटे हुए शीशे को देखते ही उनकी भौंहें तन गईं, कड़क आवाज में बोले, 'यह किसने तोड़ा ?' सब सिर झुकाए खड़े थे। मिश्रा सर की नजर कक्षा के सबसे नटखट लड़के आर्यन पर जा टिकी। वह अकसर शरारतें करता था, लेकिन आज वह चुपचाप अपनी सीट पर बैठा था। 'आर्यन! मुझे पता है, यह तुम्हारी ही हरकत होगी। खड़े हो जाओ!' मिश्रा स्वर गुस्से से बोले।

आर्यन घबरा गया, 'नहीं सर... मैंने नहीं तोड़ा है शीशा, सचमुच..।' लेकिन उसकी बात पर मिश्रा सर को यकीन नहीं हुआ। उनके दिमाग में आर्यन की छवि एक शरारती लड़के की जो थी। उधर मीरा का दिल तेज धड़क रहा था। वह कुछ बोलना चाहती थी, पर शब्द जैसे गले में ही अटक गए। उसकी सहेली बहुत धीरे से बोली, 'मीरा, चुप रह। सर तो आर्यन को डांट रहे हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

मीरा के मन में दो आवाजों के बीच जैसे युद्ध छिड़ गया। एक आवाज कह रही थी, 'चुप रहो, डांट से बच जाओगी।' दूसरी आवाज कह रही थी, 'सच बोलो, निर्दोष को मत फंसने दो।'

तभी उसे अपनी दादी मां की कही बात याद आई, 'गलत करके चुप रहना, अपने आपको धोखा देना है। तुम्हारी गलती की सजा किसी और को मिले, यह तो एक प्रकार से पाप है।'

मीरा की टांगें कांप रही थीं, लेकिन उसने पूरी हिम्मत जुटाई और हाथ ऊपर उठाकर बोली, 'सर!' उसकी आवाज पहले थोड़ी लड़खड़ाई, फिर संभलकर बोली, ' खिड़की का शीशा आर्यन ने नहीं तोड़ा, मुझसे टूटा है। मैं मुड़ रही थी, गलती से मेरा हाथ लग गया। मुझे माफ कर दीजिए सर।'

मिश्रा सर का गुस्सा पल भर में शांत हो गया। उन्होंने आर्यन को बैठने का इशारा किया और पूरी क्लास की ओर मुड़े और शांत भाव से बोले, 'टूटा हुआ कांच बदला जा सकता है, लेकिन कोई गलत काम करके एक बार नजरों से गिर जाए, तो हमेशा के लिए विश्वास-भरोसा खो देता है। मीरा ने आज सच बोलकर एक साहस का काम किया है, सबका दिल जीता है। अपनी गलती स्वीकार करना, बहुत हिम्मत का काम है।'

यह सुनकर बच्चों ने एकसाथ क्लैपिंग की। मीरा सच बोल कर मन ही मन बहुत हल्का महसूस कर रही थी। *

कविता

शादाब आलम



पिप्पी एक पपी लाई

विद्यालय से घर आई है
पिप्पी एक पपी लाई है।
उसे खूब उसने नहलाया
झाड़ा, पोछा, तेल लगाया।
मां बोलीं, क्यों इसको लाई
कौन करेगा साफ-सफाई?
पापा भी बोले, पल भर में
बहुत गंदगी होगी घर में
दादी बोलीं, पान चबाकर
इसे छोड़ दे बाहर जाकर
सबके पास समय की किल्लत
कौन करेगा इसकी खिदमत?
बात सुनी पिप्पी ने सबकी
और पपी को दी फिर थपकी
बोली उसको गोदी लेकर
मैं हूं इसकी केयरटेकर।



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

एक रूप रुपहला तारा

एक रूप रुपहला तारा
जैसे थाली भर पारा
या परी भुलक्कड़ भूली
अपना सिंगार पिटारा
एक झिलमिल सा आईना
टीका है जड़ा नगीना
नीले सरुवर में मानो
एक श्वेत कमल रसभीना
नभ की दीवार घड़ी है
बिंदी जो रतन जड़ी है
खा लो, है बर्फ का गोला
खेलो वह बॉल पड़ी है
यह चांदी का सिक्का है
या ताश तुरुप इक्का है
कुरमुर पापड़ चावल का
या आलू का टिक्का है
क्या साइज है इडली का!
या प्याला भरा दही का
मीठा लड्डू मावा का
या घेवर फीका-फीका?
रबड़ी का भरा कटोरा
बिखरा मिसरी का बोरा
मां धरती नीली-नीली
पर मामा गोरा-गोरा।

जीके क्विज-228

1. हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय युद्धपोत का क्या नाम है?
2. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
3. वर्ष 2026 के लिए भौतिकी (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?
4. कंप्यूटर के किस हिस्से को उसका मस्तिष्क कहा जाता है?
5. राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत की संसद के निचले सदन को क्या कहते हैं?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. आंवला में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
10. भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर कौन-सा है?




बच्चो, जीके क्विज-228 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-227 का उत्तर: 1. नवी पिल्लै, 2. ऐनी कार्सन, 3. मध्य प्रदेश, 4. आशुतोष दीक्षित, 5. बौद्ध धर्म, 6. 11, 7. विष्णु शर्मा, 8. न्यूयॉर्क सिटी, 9. चिल्का झील, 10. कैनबरा

जीके क्विज-227 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, यशस्वी-ईमेल से, धृष-दिल्ली, रोहित-राजानांदगांव, निशिता-भोपाल, अवियांश-बलौदा बाजार, देविषा-महासमुंद, लाभ्या-झज्जर, श्रुति-रोहतक, माधव-बिलासपुर, राशि-हिसार

रंग भरो-213

रंग भरो-213 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





साव्वी, बिलासपुर



वसनी, रायपुर



मानित, रोहतक



कुंजल, रायपुर



दीक्षा, धमतरी



आंचल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सावी-बिलासपुर, प्रिया-धमतरी, तृषा-रायपुर, काश्वी-रायपुर, भव्या-बिलासपुर, सुमन-भिवानी, माधव-जांजगीर, सविता-कटनी, दिनेश-दिल्ली, राजेश-धमतरी, पंकज-गुना, विनेश-करनाल, सौरभ-बिलासपुर, रानी-कोरबा, सुमन-भोपाल

रंग भरो 214



बच्चो, यहां तालाब में तैर रही डक और डकलिंग्स का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बालीनगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

पैरा एशियन गेम्स : सभी खिलाड़ी दिखा रहे अपना दमखम, कुल पदक संख्या 88 हुई

भारत का दबदबा, चौथे दिन 26 मेडल आए झोली में : 7 गोल्ड, 4 सिल्वर व 15 ब्रॉन्ज

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत ने पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाडी अपना दबदबा दिखा रहे हैं। सभी खेलों के हुनरबाज खिलाड़ियों ने गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। शीतल ने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल इवेंट में भी सोना अपने नाम किया।

एथलेटिक्स में शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। दिलीप गावित ने पुरुषों की 400 मीटर T47 और अंजनाबेन बुम्बाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर T47 स्पर्धा में सोना जीता। सुवर्णा राज ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।



एथलेटिक्स : सुवर्णा ने 15.66 मीटर डिस्कस फेंका

सुवर्णा ने महिला डिस्कस थ्रो की एफ54 कैटेरी में 15.66 मीटर थ्रो किया। उन्होंने छह प्रयासों में चार बार 15 मीटर से ज्यादा की दूरी तय की। ईरान की शाहला हदीदी 15.45 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वियतनाम की थी न्गोक थुई गुयेन ने 14.65 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। एफ54 कैटेगरी में ऐसे खिलाड़ी आते हैं, जिनके धड़ और निचले अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ये खिलाड़ी थ्रोइंग चेयर से मुकाबला करते हैं। सुवर्णा ने अपना गोल्ड जीतने वाला थ्रो पांचवें प्रयास में किया और पोडियम में पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स : भारत ने हाई जंप में क्लीन स्वीप किया

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की हाई जंप टी42/टी63 स्पर्धा में भारत ने तीनों मेडल जीतकर पोडियम पर कब्जा जमाया। शैलेश कुमार ने 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीता और नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। वरुण सिंह भाटी ने 1.84 मीटर की छलांग के साथ सिल्वर और राहुल ने 1.81 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। भारत ने 2022 के बाद लगातार दूसरी बार इस स्पर्धा के तीनों मेडल जीते।





एथलेटिक्स : 400 मीटर टी47 में भारत को गोल्ड-सिल्वर

पैरा एथलेटिक्स की महिलाओं की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में भारत ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। अंजनाबेन बुम्बाडिया ने 59.97 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि जयंती बेहरा ने सिल्वर मेडल दिलाया।

तीरंदाजी: भारतीय जोड़ी ने शीतल-तोमर ने जीता गोल्ड



शीतल देवी और तोमर कुमार ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया की थियोडोरा ऑडी ऑडिया फेरेली और केन स्वागुमिलांग को 151-148 से हराया। पहले चार तीर के सेट के बाद भारतीय जोड़ी के पास एक अंक की बढ़त थी। दूसरे सेट के बाद यह बढ़त 4 अंक हो गई। तब भारत का स्कोर 77 और इंडोनेशिया का 73 था। तीसरे सेट में भारतीय जोड़ी के चारों तीर 9 अंक पर लगे। हालांकि, आखिरी सेट में दोनों ने फिर 38 अंक हासिल किए और गोल्ड अपने नाम किया। शीतल देवी का जन्म बिना बाहों के हुआ है। वे पैरों से धनुष चलाती हैं। वे डोरी खींचने और छोड़ने के लिए कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती हैं। शीतल देवी का जन्म बिना बाहों के हुआ है। वे पैरों से धनुष चलाती हैं। वे डोरी खींचने और छोड़ने के लिए कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती हैं।

आर्चरी : शीतल देवी को दूसरा गोल्ड

पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी ने गोल्ड मेडल जीत लिया। उन्होंने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल फाइनल में सिंगापुर की नूर आलिम स्याहिदाह को 142-139 से हराया।

तीरंदाजी की डब्ल्यू1 में स्वाति ने रचा इतिहास



स्वाति चौधरी ने एशियन पैरा गेम्स में तीरंदाजी की डब्ल्यू1 कैटेगरी में भारत का पहला मेडल जीता। मेरठ की स्वाति चौधरी को विमेंस इंडिविजुअल फाइनल में चीन की सेन मेंगकान से 4-6 से हार मिली। इस जीत के साथ स्वाति ने सिल्वर और सेन ने गोल्ड मेडल जीता। सेन दुनिया की 23वें नंबर की तीरंदाज हैं। वे ओलंपियन सत्यदेव प्रसाद के मार्गदर्शन में मेरठ की गुरुकुल आर्चरी एकेडमी में ट्रेनिंग करती हैं।

धर्मराज ने लॉन्ग जंप का गोल्ड अपने नाम किया

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की लॉन्ग जंप T44/T62/T64 स्पर्धा में सोलैराज धर्मराज ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 7.15 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2025 में बनाया अपना ही 7.08 मीटर का रिकॉर्ड 7 सेंटीमीटर से बेहतर किया। सोलैराज ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था, तब उन्होंने 6.80 मीटर की छलांग लगाई थी।



एथलेटिक्स : दिलीप ने लगातार दूसरी बार गोल्ड जीता



पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप महादू गावित ने 48.27 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। भाविककुमार भरवाड़ ने 49.31 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड जीता था।

खबर संक्षेप

रवि की तैराकी में पदकों की हैट्रिक



नागोया। भारत के किशोर पैरा तैराक रवि बुडिगिना ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पदकों की हैट्रिक पूरी की जबकि तीन अन्य भारतीय तैराकों ने भी पदक जीते। रवि इससे पहले इस सप्ताह पुरुषों की एस13 वर्ग की 100 मीटर बैकस्ट्रोक और फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में भी रजत पदक जीत चुके हैं। आंध्र प्रदेश के दृष्टिबाधित 18 वर्षीय रवि ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 25.89 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस वर्ग में ऐसे खिलाड़ी शामिल होते हैं जिन्हें शारीरिक अक्षमता होती है और जिनका बांहों तथा धड़ पर पूरा नियंत्रण होता है लेकिन पैरों की कार्यक्षमता सीमित होती है या अंगों में कुछ विशेष कमियां होती हैं।

अनाहत ने आठ बार की विश्व चैंपियन एल शेरबिनी को हराया

नई दिल्ली। भारत की विश्व में 15वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेले जा रहे सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में मिस्र की आठ बार की विश्व चैंपियन नूर अल शेरबिनी को सीधे गेम में उलटफेर का शिकार बनाकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व में तीसरे नंबर की शेरबिनी को 30 मिनट में 11-8, 11-8, 11-7 से हराया। अनाहत के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है।



बैडमिंटन : भारत ने चार कांस्य जीते, नवीन एकल फाइनल में

एजेंसी ▶▶| नागोया



थुलासिमथी मुरुगेसन और नितेश कुमार की भारतीय जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 जबकि नवीन शिवकुमार ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके अलावा चार कांस्य पदक भी जीते।

ऐसा रहा युगल व सिंगल मुकाबला

थुलासिमथी और नितेश ने इंचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में चीन के ली मिंगपान और शियाओ जुक्सियन को 21-19, 14-21, 21-17 से पराजित किया। यह मैच 42 मिनट तक चला। नवीन ने पुरुष एकल एसएल4 सेमीफाइनल में हमवतन अभिजीत सखूजा को 21-13, 21-15 से हराया।

एसएल3 श्रेणी क्या है

पैरा बैडमिंटन में एसएल3 श्रेणी में वह खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनके जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं और आधे कोर्ट पर प्रतिस्पर्धा करते हैं। एसयू श्रेणी के खिलाड़ी ऊपरी अंगों से दिव्यांग होते हैं। इन दोनों श्रेणियां के खिलाड़ियों को एक साथ उतारा जाता है। एसएल4 उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके चलने और दौड़ने के संतुलन पर मामूली असर पड़ता है। वे पूरे कोर्ट पर खेलते हैं।

मिश्रित युगल स्पर्धा में मिला कांस्य

मिश्रित युगल स्पर्धा में फाइनल दो भारतीय जोड़ियों के बीच हो सकता था लेकिन मनीषा रामदास और प्रमोद भगत इंडोनेशिया की लीनी रात्रि ओक्टिला और हिकमत रामदानी से 21-16, 13-21, 17-21 से हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

सुहास- कृष्णा ने पुरुष एकल में जीता कांस्य

पुरुष एकल में टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास ललिनाकेरे यथिराज एसएल4 सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से 21-23, 21-8, 15-21 से हार गए और एक और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

रेणुका की जगह कलिता भारतीय वनडे टीम में शामिल



वडोदरा। भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की महिला वनडे श्रृंखला से बाहर हो गई हैं और उनकी जगह तेज गेंदबाज जिंतिमणि कलिता को पहली बार इस प्रारूप की टीम में मौका दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, '' रेणुका बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में 50 ओवर के प्रारूप के लिए जरूरी गेंदबाजी अभ्यास और कार्यभार बढ़ाने की प्रक्रिया से गुजर रही हैं।'' जिंतिमणि हाल ही में रायपुर में संपन्न हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थीं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच राजगीर में होंगे रग्बी मुकाबले

पटना। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'खेल के माध्यम से एकता के 100 वर्ष' पहल के तहत भारत और न्यूजीलैंड के बीच अंडर-20 रग्बी श्रृंखला का आयोजन 23 से 28 अक्टूबर 2026 तक राजगीर खेल परिसर में होगा। राजगीर में होने वाली इस श्रृंखला के बारे में राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी। इस श्रृंखला में भाग लेने के लिए भारत और न्यूजीलैंड की अंडर-20 पुरुष और महिला टीम बिहार पहुंच चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों की शुरुआत वर्ष 1926 में न्यूजीलैंड में भारतीय सेना की हॉकी टीम के दौरे से हुई थी। इसके बाद 27 अक्टूबर को राजगीर खेल परिसर में मैच खेले जाएंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवींद्रण शंकरण ने कहा कि इस सीरीज की मेजबानी करना बिहार और राजगीर के लिए गर्व का विषय है।

सिंधू, अश्मिता फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में, तन्वी और शेट्टी बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने बृहस्पतिवार को यहां 9,50,000 डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सिंधू और अश्मिता ने जापान की खिलाड़ियों क्रमशः रिको गुंजी और अकाने यामागुची को सीधे गेम में हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।

गैर वरीय अश्मिता दिन की सबसे बड़ी स्टार रहीं। उन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में दुनिया की नंबर दो और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची को 37 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। इसके बाद सिंधू ने 44 मिनट तक चले मुकाबले में गुंजी को 21-12, 21-16 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।इससे पहले आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा अपने-अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर बाहर हो गए।





अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

भारतीय खिलाड़ियों में सबसे पहले कोर्ट पर उतरीं तन्वी को दुनिया की नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया की आन से यंग के खिलाफ 37 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में 11-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

चोट के कारण शेट्टी ने छोड़ा मैदान

इसके बाद शेट्टी ने जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका के खिलाफ पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में चोट के कारण मैच छोड़ दिया। शेट्टी जब मुकाबले से हटे तब 17-21, 6-11 से पीछे चल रहे थे। हालांकि, उनकी चोट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। शेट्टी ने इससे पूर्व पहले दौर में हमवतन किदांबी श्रीकांत को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई थी।

पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की

संजू और नमन के बल्ले से निकली जीत, भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| क्राइस्ट चर्च

भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की।

क्राइस्टचर्च में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने पहले खेलते हुए 225/4 का स्कोर बनाया, जिसमें ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 82 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन के अर्धशतक (67) और नमन धीर (42*) की मदद से लक्ष्य हासिल किया। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य है।

रोचक रहा पहला टी-20 मैच

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 45 रन बनाए। उनके बाद फिलिप्स ने अर्धशतक लगाया, जबकि बेवन जैकब्स ने 16 गेंदों में 31 रन का योगदान दिया और कीवी टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को संजू सैमसन (67) और अभिषेक शर्मा (29) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। मध्यक्रम में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर (42) ने भी संघर्ष दिखाया। अंत में नमन धीर (42*) ने आखिरी ओवर में जीत दिलाई।

भारत ने रचा इतिहास

भारतीय टीम ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य हासिल करने का अपना नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले भारत द्वारा हासिल किया सर्वोच्च लक्ष्य 209 रन का था। भारत ने ऑस्ट्रेलिया (वाईजैक, 2023) और न्यूजीलैंड (रायपुर, 2026) के खिलाफ 209 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।



अभिषेक ने तोड़ा शिनवारी का 6 वाला रिकॉर्ड

अभिषेक ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के ओवर में अपनी पहली ही गेंद पर कवर के ऊपर से शानदार छक्का लगाया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली गेंद पर सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 7वां ऐसा मौका है, जब अभिषेक ने अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। क्रिकबज के मुताबिक, अफगानी बल्लेबाज शिनवारी ने 6 बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था।

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर (संयुक्त रूप से) बनाया। इसी साल तिरुवनंतपुरम में भी कीवी टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सभी विकेट खोकर 225 रन बनाए थे। इसके बावजूद न्यूजीलैंड को हार मिली थी।

नमन और अय्यर ने खेली शानदार पारी

भारत की इस जीत में कप्तान अय्यर ने 28 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें एक चौका और 2 छक्के शामिल रहे। भारतीय ऑलराउंडर नमन धीर ने कमाल की बल्लेबाजी की। उन्होंने 15 गेंदों में 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर नाबाद रहे। अय्यर और नमन ने मिलकर 22 गेंदों में 43 रन की साझेदारी की। अक्षर पटेल ने भी 14 गेंदों में 24 रन का योगदान दिया।



मझौली में विसर्जन जुलूस के दौरान काल बनकर टूटी हाईटेंशन लाईन, 3 युवकों की मौत, 10 झुलसे

बिजली विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल, स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था भी कटघरे में

जबलपुर। त्योहारों पर सुरक्षा के इंतजामों को लेकर हर साल निर्देश जारी होते हैं, बैठकें होती हैं और हादसों से सबक लेकर सावधानी बरतने के दावे किए जाते हैं। लेकिन इन दावों की हकीकत मझौली में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए दर्दनाक हादसे ने उजागर कर दी। देर रात करीब एक बजे बिजली के तारों की चपेट में आने से तीन युवकों की जान चली गई, जबकि दस से अधिक लोग झुलस गए। जिस उत्सव में मां दुर्गा को विदाई देने के लिए लोग एकत्र हुए थे, वहां कुछ ही पलों में चीख-पुकार और अफरातफरी का माहौल बन गया। इस हादसे ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर सुरक्षा संबंधी चेतावनियों और व्यवस्थागत खामियों के बावजूद लोगों की जान जोखिम में क्यों पड़ रही है?

तारों की चपेट में आया विसर्जन जुलूस

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन पाठ की दुर्गा प्रतिमा ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर नरीली तालाब में विसर्जन के लिए ले जाई जा रही थी। प्रतिमा के साथ 50 से अधिक लोग चल रहे थे। जुलूस जब सिविल लाइन के पास पहुंचा, तब रास्ते में झूल रहे बिजली के तार को ऊपर उठाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान तार के हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से करंट फैल गया। इसके बाद तार टूटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिर गया और उसकी चपेट में आए लोग बुरी तरह झुलस गए। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार 22 वर्षीय विकास राजपूत और 23 वर्षीय प्रिंस चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे युवक ने सुबह अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, मयंक राजपूत, विक्की रैकवार, मनीष राजपूत और आयुष रैकवार सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को पहले मझौली स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

पिछले हादसों से सबक आखिर कहां गया?

पिछले वर्षों में धार्मिक आयोजनों, जुलूसों और विसर्जन के दौरान हुए हादसों के बाद सुरक्षा को लेकर सावधानियां बढ़ाने पर जोर दिया जाता रहा है। बिजली के तारों की जांच, संवेदनशील मार्गों का निरीक्षण, आपात चिकित्सा व्यवस्था और संबंधित विभागों के बीच समन्वय जैसे उपायों की जरूरत बार-बार सामने आती है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की घटना होना व्यवस्था की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है।त्योहारों के दौरान भीड़ और उत्साह के बीच जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी केवल निर्देश जारी करने तक सीमित नहीं रह सकती। जमीनी स्तर पर यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि विसर्जन मार्ग सुरक्षित हों, बिजली की लाइनें खतरे से मुक्त हों और आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध रहे।मझौली की घटना में तीन परिवारों ने अपने युवा सदस्यों को खो दिया और कई परिवारों के लोग अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अब जरूरत केवल हादसे पर दुख जताने की नहीं, बल्कि जिम्मेदारी तय करने की है। बिजली के तारों की स्थिति, पूर्व में दी गई शिकायतों, विभागीय कार्रवाई और स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यदि लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

चेतावनी के बाद भी क्यों नहीं सुधरी व्यवस्था?

इस हादसे का सबसे गंभीर पहलू यह है कि स्थानीय लोगों के मुताबिक, बिजली के तार नीचे झूलने की समस्या पहले भी अधिकारियों के सामने उठाई गई थी। बताया गया कि पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक में इस खतरे की ओर ध्यान दिलाया गया था और तारों को दुरुस्त कराने की बात भी कही गई थी। इसके बावजूद यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो यह महज तकनीकी चूक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने में हुई गंभीर विफलता का मामला है।सवाल यह है कि जब विसर्जन मार्ग पर बिजली के तारों से खतरे की आशंका पहले से थी, तो समय रहते निरीक्षण क्यों नहीं कराया गया? बिजली विभाग ने तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर रखने के लिए क्या कदम उठाए? आयोजन समिति और प्रशासन ने जुलूस रवाना होने से पहले मार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित की थी या नहीं? इन सवालों के जवाब जांच के जरिए सामने आने चाहिए।

हादसे के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद घायलों को मझौली स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन वहां तत्काल उपचार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। लोगों के अनुसार, डॉक्टर करीब आधे घंटे बाद पहुंचे। उनका दावा है कि तब तक दो युवकों की मौत हो चुकी थी। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है, लेकिन यदि आपात स्थिति में समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध नहीं थी, तो यह भी जांच का विषय है। बिजली के करंट से झुलसे मरीजों के मामले में शुरुआती उपचार और त्वरित रेफरल बेहद अहम होते हैं।

सिवनी जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर हाईकोर्ट की रोक

संपूर्ण रिकॉर्ड तलब

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने सिवनी जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डेहरिया के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने मामले की तात्कालिकता को देखते हुए सोमवार को आपातकालीन सुनवाई की और अविश्वास प्रस्ताव से जुड़े संपूर्ण रिकॉर्ड तलब किए हैं।जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डेहरिया ने अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव की वैधानिकता को याचिका में चुनौती दी थी। इसके लिए कलेक्टर सिवनी की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे बैठक निर्धारित की गई थी।मामले की गंभीरता को भांपते हुए हाईकोर्ट ने सुबह करीब 10:30 बजे इस पर तत्काल सुनवाई की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, पंकज तिवारी, ने पैरवी की।सुनवाई के बाद अदालत ने अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्त रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए। न्यायालय के इस आदेश से फिलहाल अध्यक्ष के खिलाफ चल रही अविश्वास प्रक्रिया पर विराम लग गया है। आगामी सुनवाई में प्रस्ताव की वैधानिकता पर विस्तृत विचार किया जाएगा।



हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका, हिरासत को बताया असंवैधानिक

गांजे के कारोबार के आरोप में निरुद्ध करने के मामले में रीवा संभागायुक्त को नोटिस



जबलपुर। गांजे के अवैध कारोबार के आरोप में छह माह के लिए भोपाल केंद्रीय जेल में निरुद्ध करने के रीवा संभागायुक्त के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए रीवा संभागायुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

रीवा निवासी ओम प्रकाश गुप्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि संभागायुक्त ने पांच अक्टूबर 2026 को पीटीआईएनडीपीएस एक्ट के तहत उसे निरुद्ध करने का आदेश जारी किया था। याचिकाकर्ता ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14, 20 और 22 के विपरीत बताते हुए हिरासत को अवैध करार दिया। याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता पर पिछले दस वर्षों से गांजे के अवैध कारोबार में संलिप्त रहने का आरोप है। निरुद्ध करने के आदेश में वर्ष 2025 से 2026 के बीच दर्ज चार प्रकरणों का उल्लेख किया गया है। इनमें 80 ग्राम से पांच किलोग्राम तक गांजा बरामद होने की बात कही गई है। दो मामलों में उसके कब्जे से गांजा जब्त किया गया, जबकि दो अन्य मामलों में पकड़े गए आरोपियों के बयान के आधार पर उसे आरोपी बनाया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि किसी भी मामले में उसे न्यायालय से सजा नहीं हुई है। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि उसे राज्य के सलाहकार बोर्ड के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया और सीधे भोपाल केंद्रीय जेल में निरुद्ध कर दिया गया। याचिका में निरुद्ध करने के आदेश को असंवैधानिक बताते हुए चुनौती दी गई है।

जबलपुर–हरिद्वार स्पेशल में बढ़े एसी कोच

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 01703/01704 जबलपुर–हरिद्वार–जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल की कोच संरचना में संशोधन किया है। संशोधित संरचना के साथ जबलपुर से 29 अक्टूबर 2026 से तथा हरिद्वार से 30 अक्टूबर 2026 से ट्रेन का संचालन होगा। गाड़ी संख्या 01703 जबलपुर–हरिद्वार स्पेशल 29 अक्टूबर से 19 नवंबर तक और गाड़ी संख्या 01704 हरिद्वार–जबलपुर स्पेशल 30 अक्टूबर से 20 नवंबर 2026 तक चार-चार ट्रिप संचालित होगी। नई कोच संरचना में 2 सेकंड एसी, 3 थर्ड एसी, 6 स्लीपर क्लास, 4 जनरल सेकंड क्लास तथा 2 सह-लगेज एवं दिव्यांगजन अनुकूल कोच सहित कुल 17 आईसीएफ कोच शामिल होंगे।




जबलपुर से अमृतसर-बनारस के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग

महाप्रबंधक के साथ सांसदों की बैठक

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जबलपुर रेल मंडल क्षेत्र के सांसदों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें नई ट्रेनों के संचालन, ट्रेनों के ठहराव, यात्री सुविधाओं के विस्तार, स्टेशनों के पुनर्विकास और लंबित रेल परियोजनाओं को गति देने सहित विभिन्न मुद्दे उठाए गए। सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की रेल संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए यात्रियों की सुविधा और रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। बैठक में सतना सांसद गणेश सिंह, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, सागर सांसद लता वानखेड़े, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्र, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया उपस्थित रहीं। अन्य सांसदों ने भी अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से सुझाव भेजे।बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सांसदों का स्वागत किया। उन्होंने यात्री सुरक्षा के लिए कवच तकनीक, अमृत भारत स्टेशन योजना और ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन सहित रेलवे की विभिन्न विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जबलपुर मंडल में चल रहे विकास कार्यों का विवरण रखा। जबलपुर सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर से अमृतसर और बनारस के लिए नई ट्रेनें शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने जनशताब्दी एक्सप्रेस का भिटौनी स्टेशन पर ठहराव देने, कोरोना काल में बंद की गई ट्रेनों को दोबारा शुरू करने तथा जबलपुर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने की मांग रखी।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

कलेक्टर ने दिए हर मंगलवार और शुक्रवार को निरीक्षण के निर्देश

स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग संयुक्त भ्रमण कर दूर करें कमियां

जबलपुर। स्वास्थ्य सेवाओं और महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं में सुधार के लिए दोनों विभागों के अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्रीय भ्रमण करेंगे। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को संयुक्त निरीक्षण कर कमियों की पहचान करने और उन्हें दूर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण, टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यों में आ रही कठिनाइयों का समाधान करने और 15 दिन बाद होने वाली अगली समीक्षा बैठक से पहले सुधार सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन बढ़ाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान कर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए प्रसव के दौरान होने वाली मौतों के कारणों की समीक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने को कहा। टीकाकरण से छूटे बच्चों की पहचान कर उन्हें टीके लगाने तथा पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों की भर्ती बढ़ाने के निर्देश भी दिए। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों व उनके परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने को कहा गया।



आंगनवाड़ी सेवाओं और निर्माण कार्यों की होगी निगरानी

बैठक में बताया गया कि लगभग 60 प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी और 90 प्रतिशत आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। कलेक्टर ने शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित निरीक्षण, कुपोषित बच्चों की पहचान, पोषण ट्रैकर ऐप पर समय पर जानकारी दर्ज करने और टेक होम राशन वितरण की निगरानी पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के साथ आंगनवाड़ी भवनों, शौचालयों और जनमन योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने को भी कहा गया।

50 दिन से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने राजस्व अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राजस्व प्रकरणों और शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, शैलेंद्र सिंह सहित सभी एसडीएम मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों की भी नियमित समीक्षा की जाए और उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मझौली की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन का कार्य अगले एक-दो दिन और जारी रहेगा। ऐसे में सभी एसडीएम विसर्जन व्यवस्था की सतर्कता से निगरानी करें। बैठक के बाद कलेक्टर विश्वकर्मा ने कलेक्ट्रेट पहुंचे नागरिकों से सीधे मुलाकात की। उन्होंने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

मूर्ति विसर्जन के रास्ते को लेकर विवाद

जबलपुर। मुख्यालय से करीब 65 किलोमीटर दूर कुंडा कला में मूर्ति विसर्जन के दौरान रास्ते को लेकर विवाद हो गया। पहली बार माता की मूर्ति स्थापित करने वाले सिलावट समाज की झांकी को आगे बढ़ने से रोकने का आरोप लगा। इसके चलते झांकी करीब पांच घंटे तक सड़क पर खड़ी रही। विवाद के बाद सिलावट और राजपूत समाज के लोग आमने-सामने आ गए, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सिलावट समाज के लोगों का आरोप है कि विसर्जन के लिए ले जाई जा रही झांकी का रास्ते में विरोध किया गया और उसे आगे नहीं बढ़ने दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति संभालने का प्रयास किया। पुलिस की मौजूदगी में विवाद सुलझाने और विसर्जन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की कोशिश की गई। विवाद के कारण को लेकर एसडीपीओ ने अलग जानकारी दी है। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। पुलिस दोनों पक्षों और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के आधार पर विवाद की वास्तविक वजह का पता लगा रही है। करीब पांच घंटे बाद स्थिति सामान्य होने पर विसर्जन की प्रक्रिया आगे बढ़ सकी।

7 एएसपी के बीच किया गया कार्य विभाजन

जबलपुर। शहर और जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने सात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के बीच अतिरिक्त प्रभार का कार्यविभाजन किया है। नई व्यवस्था के तहत अधिकारियों को अलग-अलग संभागों के साथ कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, यातायात और महिला सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई व्यवस्था के अनुसार, एएसपी आयुष जाखड़ को कोतवाली, ओमती, गोहलपुर और माढ़ोताल संभाग का प्रभार दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें कानून व्यवस्था, जिला विशेष शाखा, कंट्रोल रूम और प्रोटोकॉल की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। एएसपी पल्लवी शुक्ला को गोरखपुर और गढ़ा संभाग के साथ अजाक का प्रभार दिया गया है। उन्हें वेलफेयर शाखा की प्रभारी जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।एएसपी मनीष भारद्वाज बरगी, रांझी, कैंट और अधारताल संभाग का कार्य देखेंगे। इसके अलावा उन्हें सीसीटीएनएस का नोडल अधिकारी बनाया गया है।एएसपी अनु बेनिवाल को सिहोरा और पाटन संभाग के साथ ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। उनके कार्यक्षेत्र में महिला सुरक्षा शाखा, पॉक्सो एक्ट, ऊर्जा एवं हेल्थ डेस्क के नोडल अधिकारी का दायित्व भी शामिल रहेगा।एएसपी अंजना तिवारी को उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, प्रशिक्षण, शिकायत शाखा, सीएम हेल्पलाइन और आर्म्स शाखा का प्रभार सौंपा गया है।इसी क्रम में एएसपी जितेंद्र सिंह को उप पुलिस अधीक्षक क्राइम-1 एवं क्राइम-2 के साथ साइबर अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, अपराध थाना और डीसीपी से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।वहीं, एएसपी अखिलेश तिवारी को डीएसपी यातायात का प्रभार सौंपा गया है। उनके जिम्मे यातायात के चारों थानों के साथ सड़क सुरक्षा से जुड़े समस्त कार्य रहेंगे।पुलिस विभाग में किए गए इस कार्यविभाजन का उद्देश्य विभिन्न शाखाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा से जुड़े कार्यों को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाना है।

सुबह 6:30 बजे निरीक्षण, सफाई के लिए रेड, येलो और ग्रीन जोन बनाने के निर्देश

निगमायुक्त अग्रिम कुमार का सफाई व्यवस्था पर सख्त रुख

जबलपुर। नगर निगम के नवनियुक्त निगमायुक्त अग्रिम कुमार ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन सुबह 6:30 बजे मैदानी निरीक्षण कर सफाई, पेयजल और सीवेज व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने रानीताल, सर्वोदय नगर, आगा चौक, गढ़ा फाटक, पोली पाथर और ललपुर स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए रेड, येलो और ग्रीन जोन बनाने के निर्देश दिए। गढ़ा फाटक में पानी के लीकेज में देरी पर संबंधित उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई मित्रों को शत-प्रतिशत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने और शासन निर्धारित मानदेय सीधे बैंक खातों में भेजना सुनिश्चित करने को कहा। सीवेज समस्याओं की निगरानी और समयबद्ध निराकरण के लिए जीपीएस आधारित वॉश ऑन व्हील्स की तर्ज पर मोबाइल एप विकसित किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) और जल प्रदाय की टीमें संयुक्त निरीक्षण करेंगी।निरीक्षण में अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची और स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा सहित निगम का अमला मौजूद रहा। निगमायुक्त ने लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



अग्निदग्धा की मौत

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अतंर्गत ग्राम नगना पौड़ी में आग से जलने के कारण एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात लगभग 9 बजे आग से जलने के कारण ग्राम नगना पौड़ी माढ़ोताल निवासी 47 वर्षीय श्रीमति दिव्या महेरे पति दिनेश महेरे द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गुरुवार की सुबह लगभग 5 बजे श्रीमति दिव्या महेरे की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले नगर निगम स्कूलों के विद्यार्थी आज भरेंगे हवाई उड़ान

महापौर गुरुकुल का कमाल, 5 से बढ़कर 25 हुए मेधावी विद्यार्थी

जबलपुर। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की पहल से नगर निगम स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। वर्ष 2022 में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले पांच विद्यार्थियों की संख्या इस वर्ष बढ़कर 25 हो गई है। इन विद्यार्थियों को शुक्रवार को डुमना एयरपोर्ट से हवाई यात्रा के जरिए इंदौर रवाना किया जाएगा। उनके साथ पांच शिक्षक भी जाएंगे। महापौर ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इंदौर में विद्यार्थियों के ठहरने की व्यवस्था फाइव स्टार होटल में की गई है। भ्रमण के दौरान वे ऐतिहासिक, आध्यात्मिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित होंगे। वर्ष 2022 में शुरू महापौर गुरुकुल के तहत नगर निगम के पांच स्कूलों के करीब 2000 विद्यार्थियों को मैकलसुता इंस्टीट्यूट के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग, खेलकूद, संगीत, नृत्य और प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है। स्कूलों में स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब की सुविधा भी है। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेंद्र यादव, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन और प्रभारी शिक्षा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय सहित शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।





जबलपुर में प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री पर रोक की मांग, सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। शहर में फर्जी ग्रीन पटाखों, प्रतिबंधित चाइनीज पटाखों और आसमान में उड़ने वाले लालटेन पटाखों की कथित रूप से धड़ल्ले से बिक्री एवं उपयोग पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस संबंध में जनसंगठनों ने कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा से चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पटाखों की जांच, ध्वनि परीक्षण और विक्रेताओं से आवश्यक अंडरटेकिंग लेने की प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही है। संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों का हवाला देते हुए प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री रोकने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आश्वासन दिया कि न्यायालयों के आदेशों का पालन कराया जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, सुभाष चन्द्रा, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, अशोक यादव, यशवंत कोष्टा, जी.एस. सोनकर और राममिलन शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

नर्मदा महोत्सव में फोटोग्राफी प्रतियोगिता, 24 अक्टूबर तक जमा करें फोटो

भेड़ाघाट के प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन स्थलों की तस्वीरों को मिलेगा मंच

जबलपुर। नर्मदा महोत्सव 2026 के तहत माँ नर्मदा और भेड़ाघाट की प्राकृतिक सुंदरता को तस्वीरों के माध्यम से सामने लाने के लिए फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन, पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद तथा नगर परिषद भेड़ाघाट के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता में इच्छुक फोटोग्राफर और नागरिक भाग ले सकते हैं।प्रतियोगिता में लम्हेटाघाट, धुआंधार जलप्रपात और बंदरकुदनी सहित भेड़ाघाट क्षेत्र के अन्य प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों की तस्वीरें शामिल की जा सकती हैं। प्रतिभागियों को अपने फोटोग्राफ 24 अक्टूबर 2026 को शाम 5 बजे तक नगर परिषद कार्यालय, भेड़ाघाट में विजय कुमार कोरी के पास जमा करने होंगे।

तीन विजेताओं को मिलेगा सम्मान

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के नाम 24 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। विजेताओं को नर्मदा महोत्सव के दौरान प्रमाण-पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता की जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8319680996 पर संपर्क किया जा सकता है।



जबलपुर में जुटेंगे 300 से अधिक त्वचा रोग विशेषज्ञ

23 से 25 अक्टूबर तक होगी राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस

जबलपुर। त्वचा रोग विशेषज्ञों की 31वीं राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस 23 से 25 अक्टूबर 2026 तक जबलपुर में आयोजित होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजीव सक्सेना के अनुसार कॉन्फ्रेंस में 300 से अधिक विशेषज्ञ शामिल होंगे। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई सहित विभिन्न शहरों के विशेषज्ञ भी व्याख्यान देंगे। वैज्ञानिक सत्रों में 30 से 35 व्याख्यान तथा 20 से 25 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन सचिव डॉ. सचिन लूथरा ने बताया कि 23 अक्टूबर को सुखसागर मेडिकल कॉलेज में प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला होगी। इसमें हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी, बोटॉक्स, फिलर्स और रिजनरेटिव मेडिसिन की तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। 24 और 25 अक्टूबर को होटल हिल्टन गार्डन इन में वैज्ञानिक सत्र होंगे। इनमें सफेद दाग, सोरायसिस, एक्जिमा और पेम्फिगस वल्गेरिस के नवीनतम उपचारों पर चर्चा होगी। कॉन्फ्रेंस में मुंबई से डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रिचा शर्मा, दिल्ली से डॉ. ऋषि पाराशर, डॉ. अमेन्द्र कुमार, बेंगलुरु से डॉ. रघुनाथ रेड्डी, डॉ. मयूर शेठ्ठी, उदयपुर से ब्रिगेडियर डॉ. संजीव वैशम्पायन और नासिक से डॉ. योगेश झवर व्याख्यान देंगे। वैज्ञानिक सत्रों के चेयरपर्सन प्रो. उषा गुप्ता, डॉ. ब्रजेश अग्रवाल, डॉ. सुनीत दुबे, डॉ. निहित अग्रवाल और डॉ. हितेश लोकवानी भी आयोजन में शामिल होंगे।

एमपी ट्रांसको को लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय सम्मान



वेस्टर्न रीजन में 2.60% ट्रांसमिशन लॉस के साथ बनाया कीर्तिमान

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) को वेस्टर्न रीजन में सबसे कम 2.60 प्रतिशत ट्रांसमिशन लॉस दर्ज करने पर लगातार दूसरे वर्ष प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसे तकनीकी दक्षता, नवाचार और सुदृढ़ विद्युत ट्रांसमिशन व्यवस्था का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि न्यूनतम ट्रांसमिशन लॉस के साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।एमपी ट्रांसको की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरसी शर्मा एवं वसंत कर्नाड ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत पॉसोको (वर्तमान में ग्रिड-इंडिया) के पूर्व एवं संस्थापक मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसके सूनी ने प्रदान किया। पावर सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय पत्रिका पावर लाइन द्वारा स्थापित यह पुरस्कार बेहतर प्रदर्शन करने वाली विद्युत कंपनियों को प्रोत्साहित करता है। वेस्टर्न रीजन में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, गोवा तथा दमन एवं दीव और दादरा एवं नगर हवेली शामिल हैं।

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH

I, ARMY NO. 15722807F RANK SIGMN NAME PRADEEP MISHRA S/O GOVIND DAS MISHRA of unit MB AREA SIG COY, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 6211 3465 4366 I, have changed name and date of birth of my **FATHER** from name **GOVIND MISHRA** and date of birth **12/07/1952** (Name and date of birth as per my Army Service Records) to change name **GOVIND DAS MISHRA** and date of birth **01/01/1952** (name and date of birth as per my **FATHER, AADHAR CARD No. 4575 1070 6316)** vide affidavit dated **22/10/2026** formerly before Public Notary Jabalpur M.P.

CORRECT NAME
GOVIND DAS MISHRA
INCORRECT NAME
GOVIND MISHRA
CORRECT DATE OF BIRTH
01/01/1952
INCORRECT DATE OF BIRTH
12/07/1952

जेडीए कराएगा 324 करोड़ के विकास कार्य, 31 अक्टूबर से प्रॉपर्टी मेला

जबलपुर। जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) शहर में 324 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराएगा। साथ ही 31 अक्टूबर और 1 नवंबर 2026 को दो दिवसीय प्रॉपर्टी मेले का आयोजन किया जाएगा। ये निर्णय जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन की अध्यक्षता में आयोजित संचालक मंडल की बैठक में लिए गए। योजना क्रमांक 64 एवं 65 के लिए 312.80 करोड़ रुपये तथा योजना क्रमांक 31 के लिए 11.26 करोड़ रुपये की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इन योजनाओं में सड़क निर्माण, सीवरेज, जल प्रदाय, बाउंड्रीवॉल, ड्रेनेज और पुलिया निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। प्रॉपर्टी मेले में जेडीए की विभिन्न संपत्तियों के क्रय-विक्रय का अवसर मिलेगा। इसके लिए ऑनलाइन विज्ञापन जारी कर दिए गए हैं। समाचार पत्रों सहित अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त अग्रिम कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सचिव विवेक के.वी., जयवर्धन राय, एस.के. गिरिया, डी.के. मुशरकर और निर्मल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अध्यक्ष संदीप जैन ने कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व बैठक के निर्णय के अनुसार सिविक सेंटर के सुव्यवस्थीकरण का कार्य शुरू हो चुका है।



कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर
पत्र क्र./बा.वि./2026/133 दिनांक- 14/10/2026
दुकान नामान्तरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विवेक कुशवाहा पिता श्री राजाराम कुशवाहा द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं विक्रय पंजीयन पत्र के आधार पर निगम स्वामित्व की गुलौआ तालाब मार्केट दुकान क्रमांक 04 में नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त नामांतरण/ हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं. 57, नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
बाजार अधीक्षक
नगर निगम जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/2026-27/176
दिनांक :- 22/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रूपाली पिल्लई पति शेखर पिल्लई ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के मकान नं. 976/बी-1 जी.एफ. अमन अपार्टमेंट समपत्ति के पिन क्रमांक 1000400737 भूतल 840 वर्गफुट विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमति कृष्णा लालवानी पिता/पति निशांत लालवानी का नाम का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/158/2026-27
दिनांक :- 08/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहन लाल द्विवेदी पिता श्री राम सिया द्विवेदी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई ड्यूप्लेक्स नं. डी-15 एकता मार्केट के पीछे समपत्ति के पिन क्रमांक 1000384023 भूमि का क्षेत्रफल 800 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 400 वर्गफुट प्रथम तल 400 वर्गफुट विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमति अंकित बबेले पिता/पति सुदामा प्रसाद का नाम का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/172/2026-27
दिनांक :- 08/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
